CODE

Student Journal of Translation

2020

Raisin In the Sun

CODE

Student Journal of Translation

2020

Raisin In the Sun

Editors (English)
Kovida Mehra
Swagata Chakraborty

Editor (Hindi)
Archi Raj

Designer & Illustrator
Apoorva Kapur

96 years

INDRAPRASTHA COLLEGE FOR WOMEN

UNIVERSITY OF DELHI

DEDICATION

समर्पण

DEDICATION

समर्पण

DEDICATION

समर्पण

DEDICATION

समर्पण

DEDICATION

समर्पण

DEDICATION

समर्पण

DEDICATION

समर्पण

DEDICATION

समर्पण

We dedicate this Journal to the insurmountable spirit of resilient students. The Journal is situated within the frame of similar artistic and literary inclinations which have been symbolic of resistance over the past century. We are indebted to their role in global amity and radical restructuring of the society.

यह अंक छात्रों की दुर्गम एवं दुर्धर्ष संघर्ष भावना को समर्पित है। पिछली शताब्दी में जो कला चेतना एवं साहित्यिक मानदंड सतत प्रतिरोध को समर्पित रहे, यह अंक उस दायरे को प्रदर्शित करने की एक विनम्र कोशिश है। वैश्विक एकता के प्रति कटिबद्धता और समाज के कट्टरपंथी मूल्यों के प्रति संघर्ष में हम उनकी निर्णायक भूमिका के लिए ऋणी हैं।

There's a battle outside
And it is ragin'.
It'll soon shake your windows
And rattle your walls
For the times they are a-changin'.

- Bob Dylan, 'Times They Are A-Changin'

बाहर एक युद्ध जारी है
और अब उसकी गर्जन
तुम्हारी खिड़कियों को कँपकँपा देगी
दीवारों को थरथरा देगी
समय बदल रहा है

- बॉब डिलन, 'टाइम्स दे आर-ए-चेंजिंग'

Pearly white fog rests between murmurs. A circle of slogans erupts around a man holding a placard. Learning dictates *one* language, but in that moment he holds on to plurality: he chews and eschews the alien syllables to appeal to the protestors, standing tall and adamant. People catch on and the message is translated intuitively from Language to language.

Cut to

A welcome change from the news on the television that they find hard to follow- the radio tunes in and out of a static haze; the huddle around listens to the update with strained necks and eager ears. These waves, singing, ebbing and flowing out of public squares, police stations, and universities, born out of the pages of Ambedkar, echo a tradition of learning and democratic participation.

Cut to

One afternoon, sitting uneasy, chilled to the bone, the editors realise that this is a natural consequence of translation. Wrenching meaning out of a language and casting the same meaning into another is an audacious exercise. This transference enables the translator's exposure to meanings and literatures of both the source and target languages. It is an effort in scholarly transgression.

A student is inherently vigilant and at times vulnerable. It is after school that (s)he steps into a space that puts her in contact with new ways of thinking. Suddenly a reader emerges out of a student, who then peels off her layers, one by one, to ultimately reveal someone armed with discourse. It is a matter of privilege to be able to transfer knowledge from the hands of a few to many. *CODE 2019* excavated the role of students in movements of resistance. In a way, the work we did as editors has come full circle with this edition, as *CODE*

2020 explores the academic and the literary through translation in two widely spoken languages of India – Hindi and English. The student's pliant consciousness caught in a dream is stirred to new hues in institutions of learning and remonstration. Langston Hughes' poem, `Harlem', speaks of the struggles and aspirations of young minds. The struggle, both as burden and emancipation, appears to be an unblended layer, crusted, hardened, rotten, dried... perhaps with a promise of outburst. In that spirit, the present volume calls itself `Raisin in the sun' as an allusion to Hughes' poem.

Resonating with the vision of Hughes, the journal evokes this spirit of `Harlem'. It brings to the fore the perilous consequences of suppression of voices, of delineating a hierarchy between the `margin' and the `mainstream'. What happens to a dream deferred? What happens when the stranglehold of autocracy looms over unbridled imagination and freedom of expression? What happens indeed when clear streams of knowledge are envenomed with nocuous dogmatic rhetoric? As the bedlam of ideological clashes pierces the social fabric, the literary consciousness is roused to investigate, mock and lament the carnage. As the detractors gain ground, there brews a resistance succoured by creative impulses. Artists rise in mutiny. Art strikes back. And in the wake of hegemonic coercion, resistance becomes the raison d'être of artistic exploration. The raisin in the sun explodes - rupturing the tenets of the status quo. The essays and excerpts in this 6th Edition of *CODE* carry the very same sentiment of demonstrative dissatisfaction as in the previous one. While the last edition dealt with the revolutionary legacy of the archives of our college, the vocabulary that emerges in this journal bears allegiance to the voice of the intelligentsia. What you observe is the rather riotous removal and replacement of meaning in the translators' effort to enhance the outreach of the texts.

The articles included have been carefully sifted in

keeping with the contribution of art and artists to mitigate the onslaught of despotic absolutism. We have looked at testimonies of writers about the genius of other artists, which results in the fostering of a literary synergy that spans across time and space. A communal ideal, this literary collaboration emerges as an exercise in resistance. The interactions among writers reveal their trysts with the travails of their respective socio-cultural milieus and how the artistic impetus offers a staunch rebuttal to hegemonic forces from different quarters – patriarchy, state and the canon. What emerges is a nexus between the personal and the political. The accounts of the artists, mostly firsthand, explore the makings of their artistic productions - their personal stories which, more often than not, have eluded official historiography. Other than literary interactions, the Journal also involves accounts of individual shows of resilience, which champion the actualisation of the self and disregard for dictatorial principles. Be it Agha Shahid Ali, an expatriate, whose poetry attempted an exploration of the complexity of the political turmoil in Kashmir or the Kinnaur tribe of Himachal Pradesh, who were resolute in their preservation of an egalitarian way of life, far away from the insidious mores of civilisation, we have hearkened to accounts of staunch opposition in the face of Machiavellian forces of dominion.

It is important to note that some of the texts chosen for translation are translations in themselves. The impetus behind this exercise in 'layered translation' is to foreground the democratic nature of the process, insofar as the hierarchy between the 'original' and the 'copy' stands subverted. We are also proud of the inauguration of a new *CODE* Collective wherein the mentors and student editors have collaborated to translate a text together. The said text 'Cycle Chintan' has aptly captured the uninhibited and buoyant spirit of the journal which is not unlike a happy cyclist reveling in his own explorations, undeterred and irreverent towards the more imposing

forces on the road! The experience has been an exercise in immense learning and great fun as we celebrated what the Journal truly stands for – a democratic platform for conversation, and exploration of myriad approaches to deal with the politics of language and culture.

We are thankful to our Principal Professor Babli Moitra Saraf for providing us with the opportunity to work and learn at the Centre of Translation and Translation Studies. We are grateful to Dr Vinita Sinha for opening her heart and home to us and being a constant source of intellectual guidance and inspiration in the making of the Journal. We extend our thanks to Dr Rekha Sethi for her continued support and incomparable counsel. We thank Dr Achyutanand Mishra for always being available to impart his Hindi language expertise to the project. The team of editors is indebted to Ms Srinjoyee Dutta for her invaluable academic insights and for her phenomenal organizational skills. We are grateful to our designer, Apoorva Kapur, for lending her artistic eye to this project, and for understanding the spirit of this publication. We would also like to acknowledge and thank Mr Dinesh Sundriyal, the Administrative Officer of the college for his logistical support and Mr Bal Krishan for lending us his technical knowledge.

These are riveting times to be young, to be a student, to be learning. And as you chart your way through the fruit of our labour, we would like to express our conviction in the power of artistic and literary resistance and the need for debate and discourse to uphold socio-political and existential emancipation for every single individual. Happy reading!

Kovida Mehra & Swagata Chakraborty
English Editors

फिर बगावत की खुशबू घुली है हवाओं में
फिर एक गूंज उठी है फिज़ाओं में
फिर करवट बदलने लगे हैं कुछ अलसाये विचार
फिर कलम बनी है किसी लेखक का हथियार

आज देश भर के गली मोहल्लों से 'आज़ादी' और बदलाव के स्वर सुनाई दे रहे हैं। सड़कों पर विरोध प्रदर्शनों में कविताओं, कहानियों और गीतों के माध्यम से संवाद हो रहे हैं। जहां एक तरफ कुछ भूले बिसरे लेखकों की रचनाएं दोहराईं जा रहीं हैं तो वहीं दूसरी तरफ नई रचनाएं और उनके साथ नई पीढ़ी के लेखक जन्म ले रहे हैं। छात्र वर्ग एक नई क्रांति की दिशा में बढ़ रहा है और इसमें उसका साथ निभा रही है बेखौफ लेखकों की बेबाक लेखनी।

यह वह लेखनी है जो दायरों और बंधनों को तोड़ती है, समाज की कुरीतियों का विरोध करती है, सवाल करती है, जवाब तलाशती है, आइना दिखती है, बेजुबानों की आवाज़ बनती है, नए विचारों का निर्माण करती है और एक शुरुआत करती है-बदलाव की, क्रांति की।

किसी लेखक की रचना वह खिड़की होती है जिससे हम लेखक के अंतर्मन में झांक कर उसे समझने की कोशिश करते हैं। साथ ही, हम अवगत होते हैं उसके सामाजिक, सांस्कृतिक परिवेश और राजनीतिक परिस्थितियों से। उसकी रचनाएं जैसे एक टाइम-मशीन हैं जो जिस समय और जिन परिस्थितियों में रची गईं थीं, उन्हें संरक्षित रखती हैं। सदियों बाद भी उन रचनाओं को पढ़कर मानव अपने इतिहास के क्षणों को जानकर उन्हें दोबारा जी सकता है और उनसे सीख लेकर अपने भविष्य का कुशल निर्माण कर सकता है।

जब हम किसी रचना को पढ़ते हैं, हमारे मन में कई सवाल उमड़ते हैं। लेखक ने इस विषय पर लिखने का क्यों सोचा? उसने अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए इन्हीं शब्दों का चुनाव क्यों किया? क्या यह रचना किसी और शैली में लिखी जा सकती थी? लेखक के धर्म, जात या उसकी राजनीतिक विचारधारा का उसकी लेखनी पर क्या प्रभाव पड़ा होगा? इन सभी सवालों के आकलन से हमें यह समझ में आता है कि लेखक हम में से ही एक है। वह अति गुणी या दोषरहित नहीं है। जब हमें लेखक और उसकी लेखनी अजीब लगती है या समझ नहीं आती, तब हम बड़ी आसानी से उसके लिए बेकार या पागलपन जैसे शब्दों का प्रयोग करते हैं, बिना यह सोचे-समझे कि वह इसी समाज का अंश है जिसमें हम अपने अस्तित्व का अर्थ ढूंढते हैं।

लेखक और उनकी रचनाओं को पढ़ने और समझने की पहल होती है भाषा ज्ञान से। दुनियाभर में ना जाने कितनी रचनाएं हैं जिनसे हम सिर्फ इसलिए अछूते हैं क्योंकि हमारा भाषा ज्ञान सीमित है। किसी के लिए भी इतनी सारी भाषाओं को जानना मुमकिन नहीं है। उप-भाषाओं की तो बात ही छोड़ दें। हर एक भाषा और उप-भाषा अद्वितीय है, अपनी अलग उत्पत्ति और संरचना के साथ। सबके अपने जटिल तरीके हैं, व्याकरण हैं, मुहावरे, यौगिक शब्द, भाव और अर्थ हैं। जहां एक ओर यह लेखक की अभिव्यक्ति को समृद्ध और विशिष्ट बनाते हैं, वहीं दूसरी ओर संवाद और संचार के लिए एक बाधा भी उत्पन्न करते हैं।

ये अंतर अक्सर अस्पष्टता पैदा करते हैं, क्योंकि शब्द या भाव जब एक अलग संदर्भ में प्रयोग किए जाते हैं तो उनका अर्थ अन्य होता है जो गलत अर्थ निरूपण का कारण बन सकती है। लेखक के विचार उस रूप में पाठक तक नहीं पहुंच पाते जिस प्रकार वह चाहता है, जिससे उसकी रचना का उद्देश्य विफल हो जाता है।

इस बाधा को पार करने में हमारी सहायता करती है अनुवाद की प्रक्रिया। साहित्य अध्ययन में अनुवाद एक अनिवार्य आवश्यकता बन गया है। विभिन्न देशों के साहित्य में निहित एकता के स्वरूप को निखारने के लिए अनुवाद ही एक मात्र अचूक साधन है। अनुवाद द्वारा ही मानव की एकता को बाधित करती भौगोलिक, सांस्कृतिक और भाषायी दीवारों को ढहाकर, उसे एक सूत्र में पिरोया जा सकता है। अनुवाद के सहारे ही लेखक और उसकी रचना को विश्वभर में पहुंचाया जा सकता है। वसुधैव-कुटुम्बकम् की सार्थकता को प्रमाणित करते हुए अनुवाद एक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सेतु की भूमिका निभाता है।

इस बात को प्रमाणित करती है विद्यार्थी अनुवाद पत्रिका 'कोड 2020'। अनुवाद की प्रक्रिया द्वारा ही हम अंग्रेज़ी और हिंदी भाषा के मध्य सामंजस्य एवं सद्भावना स्थापित करते हुए दो संस्कृतियों, विचारधाराओं, कल्पनाओं और धारणाओं के लेखकों और उनकी रचनाओं को आप तक लाने में सफल हुए।

यह यात्रा कठिन थी पर अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक भी। इस यात्रा पर जाने का अवसर देने के लिए और हम सभी को प्रोत्साहित करने के लिए मैं धन्यवाद करती हूं हमारी प्रधानाध्यापिका डॉ बाबली मोइत्रा सराफ का। कोड 2020 के निर्माण में पग-पग पर हमारा मार्गदर्शन करने के लिए मैं डॉ रेखा सेठी और डॉ विनीता सिन्हा के प्रति भी आभार व्यक्त करती हूं। पत्रिका

के हिंदी खंड में विशेष योगदान देने के लिए मैं डॉ अच्युतानंद मिश्र को धन्यवाद ज्ञापित करती हूं, साथ ही, इस परियोजना के पर्यवेक्षण के लिए और अंग्रेज़ी खंड में अपना योगदान देने के लिए मैं प्रोफेसर सृंजोई दत्ता की आभारी हूं। इस पत्रिका के विषय-वस्तु को प्रतिध्वनित करतीं डिज़ाइनों के चित्रण के लिए मैं डिज़ाइनर अपूर्वा कपूर को धन्यवाद करती हूं। अंत में, मैं पत्रिका के प्रकाशन को संभव कराने के लिए इंद्रप्रस्थ महाविद्यालय के प्रशासनिक अफ़सर दिनेश सुंदरियाल जी को तथा टंकण में सहयोग के लिए बाल कृष्ण जी को आभार व्यक्त करती हूं।

'कला और विरोध' के विषय को आधार बनाकर हम अनुवाद पत्रिका 'कोड 2020' को आप पाठकों तक लेकर आए हैं। इनमें उन लेखकों और कलाकारों की आवाज संग्रहित है जिन्होंने अपने-अपने स्तर पर अपनी रचना से विरोध के स्वर को बुलंद किया और कला के क्षेत्र में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया। उम्मीद है कि यह पत्रिका आप पर एक सकारात्मक प्रभाव रखने में सफल होगी और आप में एक नई ऊर्जा का संचार करेगी।

आर्ची राज
हिंदी संपादक

CONTENTS
विषय सूची
CONTENTS
विषय सूची
CONTENTS
विषय सूची
CONTENTS
विषय सूची
CONTENTS
विषय सूची
CONTENTS
विषय सूची
CONTENTS
विषय सूची
CONTENTS
विषय सूची

1.	The Relationship of Writing to Music संगीत से लेखन का संबंध	1
2.	साहित्य की लड़ाई Literature and Resistance	11
3.	Meeting Virginia Woolf वर्जिनिया वुल्फ़ से मुलाक़ात	19
4.	स्वर्गीय प्रेमचंदजी In Memoriam- Premchand	27
5.	Tribute to Albert Camus अल्बर्ट कामु को श्रद्धांजलि	33
6.	कुमार गन्धर्व Kumar Gandharv	41
7.	Meera मीरा	51
8.	शिकंजे का दर्द का एक अंश Wrenched in Agony- An Excerpt	55
9.	"We Brought You the Promise of the Future, but Our Tongue Stammered and Barked..." "हम आप तक भविष्य का वादा लेकर आए लेकिन हम हकलाने लगे और भौंकने लगे..."	71
10.	आशा का अंत The End of Hope	81
11.	The Ghat of the Only World एकमात्र दुनिया का वह किनारा	89
12.	संवाद की मर्यादाएं The Limits of Dialogue	101
13.	On the Road to Tarascon: Francis Bacon meets Van Gogh टैरास्कॉन के सफ़र में: फ्रांसिस बेकन वैन गो से मिलते हैं	109
14.	किन्नर धर्म लोक का एक अंश The Ideal World of Kinnaur- An Excerpt	127
15.	"We were like cartographers, mapping the city": An interview with Arvind Krishna Mehrotra "हम शहर का नक्शा बनाते हुए मानचित्रकारों के जैसे थे": अरविंद कृष्ण मेहरोत्रा के साथ एक साक्षात्कार	139
16.	साइकिल चिंतन Ruminations on the Cycle	151

MURAKAMI
मुराकामी
MURAKAMI
मुराकामी

AMI
कामी
AMI
कामी
AMI
मुराकामी
MURAKAMI
मुराकामी

Translated and a translator in his own right, Haruki Murakami is a Japanese writer who began writing in Japanese after a particularly riveting game of baseball he watched at the age of 29. Since then, his stories have poured out in iridescent fashion, straddling the surreal at each corner. Writing through rhythm, of music, of running, and of different languages, Murakami's books have something for everyone – especially those who don't know what to make of them!

The following is an interview of the famously slippery writer, guiding the reader through his practice.

MURAKAMI: I've been listening to music since my teens, but lately I've come to feel that I understand music a little better now than I used to – that maybe I can hear the fine differences in musical detail – and that writing fiction has gradually and naturally, given me a better ear. Conversely, you can't write well if you don't have an ear for music. The two sides complement each other: listening to music improves your style, by improving your style, you improve your ability to listen to music.

OZAWA: Interesting...

MURAKAMI: No one ever taught me how to write, and I've never made a study of writing techniques. So how did I learn to write? From listening to music. And what's the most important thing in writing? It's rhythm. No one's going to read what you write unless it's got rhythm. It has to have an inner rhythmic feel that propels the reader forward. You know how painful it can be to read a mechanical instruction manual. Pamphlets like that are classic examples of writing without rhythm.

You can usually tell whether a new writer's work is going to last by whether or not the style has a sense of rhythm. From what I've seen, though, most literary critics ignore that element. They mainly talk about the subtlety of the style, the newness of the writer's vocabulary, the narrative momentum, the quality of the themes, the use of interesting techniques, and so forth. But I think that someone who writes without rhythm lacks the talent to be a writer. That's just my opinion, of course.

OZAWA: Do you think we can feel that kind of rhythm when we read it?

MURAKAMI: Yes, the rhythm comes from the combination of words, the combination of the sentences

मुराकामी: मैं अपनी किशोरावस्था से ही संगीत सुनता आ रहा हूं, लेकिन हाल ही में मुझे यह महसूस हुआ है कि मैं पहले की तुलना में अब संगीत को थोड़ा बेहतर समझता हूं- कि शायद मैं संगीतमय विवरण की बारीकियों को सुन सकता हूं- और यह की कथा साहित्य लेखन ने धीरे-धीरे और स्वाभाविक रूप से मुझे सुनने में बेहतर बनाया है। इसके विपरीत, आप अच्छा नहीं लिख सकते हैं यदि आप संगीत को सुनकर समझने की क्षमता नहीं रखते हैं। दोनों पक्ष एक दूसरे के पूरक हैं: संगीत सुनने से आपकी शैली में सुधार होता है, अपनी शैली में सुधार करने से आप संगीत सुनने की अपनी क्षमता में सुधार करते हैं।

ओज़ावा: दिलचस्प...!

मुराकामी: किसी ने कभी मुझे लिखना नहीं सिखाया, और मैंने कभी लेखन तकनीकों का अध्ययन नहीं किया। तो मैंने लिखना कैसे सीखा? संगीत सुनने से। और लेखन में सबसे महत्वपूर्ण बात क्या है? उसकी लय। आप जो लिखते हैं उसे तब तक कोई नहीं पढ़ने वाला जब तक उसमें लय ना हो। उसमें एक आंतरिक लय की भावना होनी है चाहिए जो पाठक को आगे बढ़ाती है। आप जानते हैं कि एक यांत्रिक अनुदेश पुस्तिका को पढ़ना कितना दर्दनाक हो सकता है। उस तरीके के पैम्फलेट्स बिना लय के लेखन के उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

आप आमतौर पर बता सकते हैं कि किसी नए लेखक का काम चलेगा या नहीं, इस बात से कि उसकी शैली में लय की समझ है या नहीं। हालांकि मैंने जो देखा है, अधिकांश साहित्यिक आलोचक उस तत्त्व को नज़रअंदाज़ करते हैं। वे मुख्य रूप से शैली की सूक्ष्मता, लेखक की शब्दावली का नयापन, कथा की गति, विषयों की गुणवत्ता, दिलचस्प तकनीकों का उपयोग और इसी तरह और आगे बात करते हैं। लेकिन मैं सोचता हूं कि जो कोई बिना लय के लिखता है, उसके पास लेखक होने की प्रतिभा की कमी होती है। बेशक! यह सिर्फ मेरी राय है।

ओज़ावा: क्या आपको लगता है कि जब हम उसे पढ़ते हैं तो हम उस तरह की लय को महसूस कर सकते हैं?

मुराकामी: हाँ, लय शब्दों के संयोजन, वाक्यों और अनुच्छेदों के संयोजन, कठोर और मुलायम, हल्के और भारी, संतुलन और असंतुलन के संयोजन,

and paragraphs, the parings of hard and soft, light and heavy, balance and imbalance, the punctuation, the combination of different tones. "Polyrhythm" might be the right word for it, as in music. You need a good ear to do it. You either can do it or you can't. You either get it or you don't. Of course, it is possible to extend one's talent for rhythm through hard work and study.

I'm a jazz lover, so that's how I set down a rhythm first. Then I add chords to it and start improvising, making it up freely as I go along. I write as if I'm making music.

OZAWA: I never knew that there could be rhythm in writing. I'm still not clear on what you mean by it.

MURAKAMI: Well, rhythm is an important element for both reader and writer. If you're writing a piece of fiction and you haven't established a rhythm, the next sentence won't come out, which means the story can't move ahead. The rhythm in the writing, the rhythm of the story: if you've got those, the next sentence will come out naturally. When I'm writing a sentence, I automatically sound it out in my head and a rhythm takes hold, kind of like in jazz: you ad-lib a chorus, and that leads organically to the next chorus.

OZAWA: I live in the Seijo neighbourhood of Tokyo, and I was recently given a pamphlet for a candidate running for office there. I opened it up and found some kind of pledge or manifesto, so I started reading it because I had nothing better to do at the time, and I found myself thinking, "This guy will never make it." And I felt this because I couldn't read more than three lines of this document, no matter how hard I tried. This guy seemed to be saying something important, but I just couldn't read it.

विराम चिन्ह विभिन्न स्वरों के संयोजन से आती है। 'पॉलीरिदम' इसके लिए सही शब्द हो सकता है जैसे संगीत में होता है। इसे सही से करने के लिए आपकी सुनकर समझने की क्षमता अच्छी होनी चाहिए। आप या तो कर सकते हैं या आप नहीं कर सकते। आप या तो इसे प्राप्त करते हैं या आप नहीं करते हैं। बेशक, कड़ी मेहनत और अध्ययन के माध्यम से लय के लिए अपनी प्रतिभा का विस्तार करना संभव है।

मैं एक जैज प्रेमी हूं, इसलिए इस तरह से मैं सबसे पहले एक लय तय करता हूं। फिर मैं उसमें कोरस जोड़ता हूं और सुधार करना शुरू करता हूं, जैसे जैसे आगे बढ़ता हूं उसे स्वतंत्र रूप से बनाता जाता हूं। मैं ऐसे लिखता हूं जैसे कि मैं संगीत बना रहा हूं।

ओज़ावा: मुझे कभी नहीं पता था कि लेखन में लय हो सकती है। मैं अभी भी उतना स्पष्ट नहीं हूं कि आपका इस बात से क्या मतलब है।

मुराकामी: अच्छा, लय पाठक और लेखक दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण तत्व है। यदि आप कुछ काल्पनिक लिख रहे हैं और आपने लय को स्थापित नहीं किया है, तो अगला वाक्य निकालकर नहीं आएगा, जिसका मतलब है कि कहानी आगे नहीं बढ़ सकती। लेखन में लय, कहानी में लयः यदि आपको मिल गए हैं, तो अगला वाक्य स्वाभाविक रूप से निकलकर आएगा। जब मैं एक वाक्य लिख रहा होता हूं, तो मैं अपने आप ही इसे अपने सिर में सुन लेता हूं, और एक लय अपनी पकड़ बना लेता है, वैसे जैसे कि जैज मेंः आप बिना पूर्व तैयारी के एक कोरस गाते हैं, और वो सहजता से अगले कोरस तक ले जाता है।

ओज़ावा: मैं टोक्यो के सेजो जिला में रहता हूं, और मुझे हाल ही में किसी आधिकारिक पद के लिए खड़े होने वाले एक उम्मीदवार की एक पैम्फलेट दी गई थी। मैंने उसे खोला और किसी तरह की प्रतिज्ञा या घोषणा पत्र पाया, इसलिए मैंने उसे पढ़ना शुरू कर दिया क्योंकि मेरे पास उस समय करने के लिए कुछ बेहतर नहीं था, और मैंने खुद को यह सोचते हुए पाया, यह आदमी जीत नहीं पाएगा। और मुझे यह महसूस हुआ क्योंकि मैं इस दस्तावेज की तीन से अधिक पंक्तियां नहीं पढ़ पाया, चाहे मैंने कितनी भी कोशिश की हो। वह आदमी कुछ महत्वपूर्ण कहता हुआ प्रतीत हो रहा था, लेकिन मैं उसे पढ़ नहीं पाया।

MURAKAMI: And that's probably because his writing had no rhythm to it.

OZAWA: You think so? Is that what it was? What about somebody like Natsume Sōseki?

MURAKAMI: I think Sōseki's style is tremendously musical. It makes for very smooth reading. It's quite wonderful even now, a century after his death. I'm pretty sure he was less influenced by Western music than by the long narrative chants of the Edo period [1603–1868], but he had a great ear. I don't know how deeply versed he was in Western Music, but he spent a couple of years studying in London, so I suspect he familiarized himself with it to some degree. I'll look into it.

OZAWA: He was also a professor of English, wasn't he?

MURAKAMI: He probably had a good ear in that sense, too, with a good combination of Japanese and Western elements. Hidekazu Yoshida was another writer with a musical style. His Japanese flows beautifully, is very easy to read, and is quite personal in tone.

OZAWA: You may be right about that.

MURAKAMI: Speaking of professors of literature, I gather your English professor at the Toho Gauken School of Music was the novelist Saiichi Maruya.

OZAWA: That's true. He had read James Joyce's *Dubliners*. There was no way I could understand a book like that. [Laughter.] I sat next to a girl who was good at English and she told me what it was about. I didn't study at all. Which meant that I didn't know any English when I went to America. [Laughter.]

मुराकामी: और वह शायद इसलिए कि उनके लेखन में कोई लय नहीं थी।

ओज़ावा: आपको ऐसा लगता है? क्या वह वही था? नाटसूमे सोसेकी जैसे किसी के बारे में क्या?

मुराकामी: मुझे लगता है कि सोसेकी की शैली काफी संगीतमय है। उसे सहजता से पढ़ा जा सकता है। उनकी मृत्यु के एक सदी बाद भी यह बहुत अद्भुत है। मुझे पूरा यकीन है कि वह इडो काल (1603-1868) के लंबे कथा मंत्रों की तुलना में पश्चिमी संगीत से कम प्रभावित थे, लेकिन उनमें सुनकर समझने की क्षमता अच्छी थी। मैं नहीं जानता कि वह पश्चिमी संगीत में कितनी गहराई तक प्रवीण थे, लेकिन उन्होंने कुछ साल लंदन में पढ़ाई करते हुए बिताए, इसलिए मुझे संदेह है कि उन्होंने कुछ हद तक खुद को इससे परिचित किया। मैं इस पर गौर करूंगा।

ओज़ावा: वह अंग्रेज़ी के प्रोफेसर भी थे, है ना?

मुराकामी: उस अर्थ में भी उनमें सुनकर समझने की क्षमता अच्छी थी, जापानी और पश्चिमी तत्वों के एक अच्छे संयोजन के साथ। हिदेकाजू योशिदा एक और लेखक थे जिनकी शैली संगीतमय थी। उनकी जापानी सुंदर रूप से बहती है, पढ़ने में आसान, और उनका लहजा काफी व्यक्तिगत है।

ओज़ावा: आप इस बारे में सही हो सकते हैं।

मुराकामी: साहित्य के प्रोफेसरों की बात करें तो मैं यह अनुमान लगाता हूं कि आपके अंग्रेज़ी के प्रोफेसर टोहो गाकुएन स्कूल ऑफ म्यूजिक में उपन्यासकार सैइची मारूया थे।

ओज़ावा: यह सच है। उन्होंने हमसे जेम्स जोयेस की डबलिनर्स पढ़वाया था। ऐसा कोई तरीका नहीं था जिससे मैं उस तरह की किताब को समझ सकूँ। [हँसी] मैं एक लड़की के बगल में बैठा जो अंग्रेज़ी में अच्छी थी और उसने मुझे बताया कि वह किस बारे में थी। मैंने बिल्कुल अध्ययन नहीं किया। जिसका मतलब था कि जब मैं अमेरिका गया तो मुझे कुछ अंग्रेज़ी नहीं आती थी। [हँसी]

MURAKAMI: So it was just that you didn't study, not that Mr. Maruya was a bad teacher.

OZAWA: No, I *really* didn't study.

Source
Murakami, Haruki, and Seiji Ozawa. "Interlude 2", *Absolutely on Music*. 2011.

मुराकामी: तो यह सिर्फ इतना था कि आपने अध्ययन नहीं किया, यह नहीं कि श्री मारुया एक बुरे शिक्षक थे।

ओज़ावा: नहीं, मैंने वास्तव में अध्ययन नहीं किया।

अनुवादक
जूही
बी.कॉम. (ऑनर्स), द्वितीय वर्ष

NARAYAN
नारायण
NARAYAN
नारायण

YAN
यण
YAN
यण
YAN
यण
NARAYAN
नारायण
NARAYAN
नारायण

कुँवर नारायण हिंदी जगत के सम्मानित कवियों में से एक हैं। उनकी पुस्तक 'शब्द और देशकाल' उनके वैचारिक लेखों का अनुपम संग्रह है। ये लेख साहित्य के अनेक पहलुओं को अभिव्यंजित करते हैं। यहां प्रस्तुत अंश 'साहित्य की लड़ाई' में कवि कुंवर नारायण साहित्य के व्यापक महत्त्व को इंगित करते हुए आलोचना की परंपरा को व्याख्यायित करते हैं।

साहित्य भी लड़ाई का मैदान है यह सोचकर मैं साहित्य में नहीं आया था। सच तो यह था कि 'लड़ाइयों' से भागकर एक शान्तिपूर्ण जीवन की सम्भावना ने मुझे साहित्य की ओर आकृष्ट किया था। एक बिम्ब था मन में चिन्तन-मनन के निर्विघ्न एकान्त का । जीवन को तटस्थ दृष्टि से देखने, जीने और सोचने का। यहाँ भी योद्धाओं से सामना होगा, ऐसा नहीं सोचा था। और अगर संघर्ष ही जीवन का सतत सच है तो साहित्य में भी मेरे जैसे व्यक्ति के लिए बहुत कम जगह बचती है। इसकी मुझे कोई चिन्ता नहीं। मैं उस कम जगह, बहुत कम जगह में कुटिया भर जगह में भी रहना पसन्द करूँगा। युद्ध क्षेत्र में नहीं।

आप महाभारत, रामायण, 'इलियड' का उदाहरण देकर मुझसे पूछ सकते हैं कि जीवन अगर संघर्ष नहीं तो और क्या है? तो मैं यही कह सकता हूँ कि जीवन वह छोटी-से जगह भी है जिसे एक व्यास, एक वाल्मीकि एक होमर अपने लिए सम्भव बना सके-तमाम संघर्षों से दूर रहकर भी। मैं पूछता हूँ कि साहित्य अगर यह व्यास-दृष्टि, वाल्मीकि-दृष्टि, होमर-दृष्टि नहीं है तो क्या है? साहित्य अगर विभिन्न विवेकों का सौहार्द, समागम और संवाद न होकर लेखकों और चिन्तकों का युद्ध क्षेत्र है तो कलम छोड़कर पकड़िए फिर लाठी और तलवार। अपनी अपनी फौजें बनाइए और उसी मारामारी में शामिल हो जाइए जिसमें सब जुटें हैं।

आप गुस्से से तड़पकर, चाकू की तरह मेरी ओर अपनी उँगली तानकर पूछेंगे तो क्या मैं अन्याय होता देखता रहूँ और चुप रहूँ? असहाय को पिटता हुआ देखूँ और कुछ न करूँ? आँखें बन्द कर लूँ? दुम दबाकर भाग जाऊँ?

अन्यायी को गौर से देखिए। कौन है वह? कोई गैर? पराया? अजनबी? कमजोर? तो आप निश्चय ही झपटकर उसके टुकड़े-टुकड़े कर देना चाहेंगे। लेकिन....। लेकिन क्या करेंगें आप अगर वह आपका कोई बहुत अपना, आत्मीय, अन्तरंग, सगा हो? थोड़ी देर के लिए मान लीजिए कि वह आपका भाई, बाप या बेटा हो। क्या करेंगे आप? उस पर टूट पड़ेंगे? या थोड़ा हिचकेंगे-असमंजस और शर्म अनुभव करेंगे, उसे समझने-समझाने

I did not approach literature with the thought that it would be a battleground of sorts. On the contrary, it was the possibility of a peaceful life that attracted me to literature. The mind harboured an image of peaceful and uninterrupted rumination in isolation. The intent was to view, live and contemplate upon life dispassionately. I never anticipated the possibility of any conflict. And if strife is the essence of life, then there is but little space for the likes of me in the realm of literature. This does not bother me. I would still prefer to live in that little space, in that tiny little place-cottage like rather than a warzone.

Citing the examples of the *Mahabharat*, the *Ramayan* and the *Illiad*, you will ask, what is life without war? All I can say is life is also the haven that a Vyas, a Valmiki and a Homer carved for themselves, distant from all struggles and strife. What is literature, I ask, if not a Vyas, Valmiki or Homeric vision? If literature is not a harmonious amalgam of various knowledge systems and dialogue but a literary warzone, then by all means, discard the pen and wield the stick or the sword. Mark your own battalions and join the rampage in which all are involved.

If in a fit of anger, you point your finger like a knife at me and ask, "Should I then keep quiet in the face of lawlessness? Not speak up against the exploitation of the hapless? Turn a blind eye and run away with my tail tucked behind?"

Look closely at the wrongdoer. "Who is it? Someone unfamiliar? An outsider? A stranger? Helpless?" Going by this, you would want to pounce at that person and rip him from limb to limb. But... what will you do if the perpetrator is somebody who is your own, your very own, your own blood? For a moment consider that person to be your brother, father or son. What will you do? Will you have a go at them then? Or would you hesitate, be perplexed

की कोशिश करेंगे, प्यार से, उसके अपने की तरह, उसके दुश्मन की तरह नहीं। उसके क्रोध और हिंसा को शान्त करने की कोशिश करेंगे न कि उत्तेजित करने की। कहते हैं कि राम जब किसी तरह रावण को मार नहीं पा रहे थे, तब उसके मर्मस्थल पर बाण मारा।

साहित्य मनुष्य के (राक्षस तक के) उसी मर्मस्थल पर लक्ष्य करने की कला है। उसकी दुनिया कलम की दुनिया है। लाठी तलवार भाँजनेवालों की दुनिया नहीं है। फौजियों और लड़ाकों से दूर भी एक दुनिया बनाई जा सकती है-शायद ज्यादा समृद्ध और सार्थक।

उस चाकू की तरह तनी हुई उँगली और कुलहाड़े की तरह उठे हुए हाथ को अपमानित मत कीजिए। आदमी आज लाख गिरा हुआ हो, फिर भी आपको विश्वास दिलाता हूँ कि उसका मर्मस्थल अभी भी सुरक्षित है। मैंने उसे देखा है रोते हुए, हँसते हुए, तड़पते हुए, प्यार करते हुए। यह साहित्य के लिए बहुत बड़ा मौका है या कह सकते हैं क्षेत्र है। याद आता है एक नादिरशाह भी एक शेर से पराजित हो गया था-जंगली शेर से मेरा मतलब नहीं है। शेर के उस दूसरे मतलब को आप जानते हैं- मुझे उसी पर भरोसा है, और सोच समझ पर भी।

एहसासों का घनिष्ठ सम्बन्ध कविता से है, जैसे जीवन से है। उन्हें दोनों ही से अलग नहीं रखा जा सकता। जैसे कविता में उसी तरह जीवन में भी, कविता उनका परिष्कार करती चलती है। कालान्तर में उच्च-कोटि के 'विचार' या 'चिन्तन' भी हमारे सहसासों में घुल-मिल जाते हैं। उनमें अन्तर नहीं रह जाता है। इसे ही कभी टी.एस. एलिअट ने 'फेल्ट-थॉट्स' कहा था। विस्तार और गहराई में जाकर सोचें तो कविता श्रेष्ठ विचारों को भाषा द्वारा ग्रहण करके पुनः हमारे एहसासों में प्रवाहित कर सकने की एक कला है। अधम और कुत्सित 'विचारों' को हमारे एहसासों से बाहर रखना भी इसी कला की एक युक्ति है। असत्य और अनैतिक को भी श्रेष्ठ काव्य-विवेक उसी तरह छानकर अलग कर देता है जैसे रामकथा में रावण के चरित्र और विचारों को। महाभारत में सब कुछ है, लेकिन सब

and ashamed? Will you try to establish an understanding with that person not as an adversary but with love, like a brethren? You will try to *calm* their anger and frenzy instead of aggravating it further. It is said that when Ram was unable to defeat Ravan, he shot his arrow at his vulnerable spot.

Literature is the art of targeting the said spot in both man and monster. Its realm is the world of words marked with pens and not with sticks or swords. It is possible to create a world beyond hatred and violence; perhaps a world more meaningful and prosperous.

Do not insult the knife-like finger or the axe-like raised hand. Although mankind has sunk to great depths of depravity, I can assure you that his humanity still survives. I have seen it cry, laugh, writhe in pain, fall in love. It offers great opportunity and scope for literature to flourish. This reminds me of Nadir Shah himself who was stumped by a *sher*[1]. Incidentally *'sher'* here is not the beastly animal. You very well know the other meaning- and that is the one I trust.

Emotions have an intimate relationship with poetry as well as life. They cannot be estranged from either. In art and life alike poetry works to refine the emotive. Over a period of time intellectual contemplation also merges into the emotive; the difference ceases to exist. T.S Eliot had once referred to this as 'felt thoughts'. If one ponders in detail about this, it can be said that poetry is a method of inculcating higher ideas through language and disseminating the same through the affective. This art also involves filtering out hopelessness and depravity from our consciousness. The literary consciousness weeds out falsehood and deceit in the same way as Ravan's

1 In Urdu, a couplet is known as '*sher*'.

कुछ के बीच नैतिक घपला नहीं है। एक उत्तम काव्य-विवेक से छनकर उच्चकोटि की 'बुद्धिमत्ता' निकलती है, जो जाने-अनजाने हमारे एहसासों का स्थायी शील बन जाती है। याद पड़ता है एक बार श्री विद्यानिवास मिश्र से बातचीत करते हुए हम इस बात से काफी हद तक सहमत थे कि कर्मों का आधार (विशेषकर सामूहिक कर्मों का आधार) मूलतः 'आवेगी' यानी 'इमोशनल' या 'भावनात्मक' होता है। तर्क-बुद्धि द्वारा कर्म के औचित्य और अनौचित्य पर विचार होता है। संसार में ऐसे बहुत से प्राणी हैं जिनकी सहज-वृत्तियाँ (instincts) उनकी बुद्धि से कहीं अधिक विकसित है। वही उनकी जीवनरक्षा (survival) का प्रमुख साधन है: उनकी अपेक्षा बुद्धि की भूमिका गौण होती है।

स्रोत

शब्द और देशकाल, 2013, पृ. 63-65

character and actions were dealt with in the *Ramayana*. The *Mahabharat* encompasses everything, but amidst it nowhere can one find any ethical conundrum. It is out of a literary consciousness that a higher intelligence emerges which permanently shapes our emotive expressions. I am reminded of a conversation with Mr Vidyanivas Mishra where we more or less agreed that the basis our actions (especially collective actions) is primary instinctive, i.e. `emotional' or `sentimental'. Calculated actions determine the worldly concepts of right and wrong. There are many species on earth whose instincts are more developed as compared to their rational prowess. It is the primary means of their survival and often in comparison the role of reason falls short.

Translated by
Muskan Gupta
B. A. (Hons.) English, II Year

WOOLF
वुल्फ़
WOOLF
वुल्फ़
OLF
ुल्फ़
OLF
ुल्फ़
OLF
ुल्फ
WOOLF
वुल्फ़
WOOLF
वुल्फ़

Virginia Woolf is one of the foremost Modernist writers of the 20th century who explored the (un)makings of the mind post the devastation in the wake of World War I by pioneering the Stream of Consciousness narrative device. Foregrounding the subjectivity of 'reality', her work primarily deals with the vacillations and vagaries of the human mind. She has also written *A Room of One's Own*, a groundbreaking nonfictional feminist text that probed into the inadequacy of material resources meted out to women which in turn impeded their literary endeavours.

The following text is authored by Maria Popova, editor of *Brain Pickings,* an online encyclopaedia that that ranges from art and literature to history and philosophy; and it revolves around May Sarton's encounter with the generosity and genius of Virginia Woolf.

It is a rare gift to meet, much less befriend, one of your heroes – a gift that fell upon the great American poet, novelist, and diarist extraordinaire May Sarton (May 3, 1912- July 16 1995) in her mid-twenties, just as she was starting out as a writer, when she met Virginia Woolf (January 15, 1882-March 28, 1941).

On a visit to England shortly after her literary debut, the young Sarton decided to leave a copy of her first poetry collection at Woolf's doorstep, along with some flowers. To her surprise, the kindly maid opened the door and invited her in. Unprepared for the fortuitous opportunity to meet her idol, Sarton mumbled a polite declination, handed the maid the book, and walked away.

Knowing how desperately Sarton wanted to meet Woolf, the prominent writer Elizabeth Bowen took it upon herself to stage a more planned introduction. She decided to invite both Woolf and the young poet to dinner at her country house in Ireland – an epicentre of the era's creative community, where she hosted such titans of literature as Eudora Welty, Carson McCullers, Iris Mudroch.

In the *Writer's Chapbook: A Compedium of Fact, Opinion, Wit, and Advise from the 20th Century's Preeminent Writers* (public library) – the wonderful 1989 collection of wisdom from *Paris Review* interviews, which also gave us great writers on how to handle criticism and James Baldwin's advice on writing – Sarton recounts the moment Woolf entered, a strange and stunning vision:

"She walked in "robe de style". A lovely, rather eighteenth-century-looking, long dress with a wide collar, and she came into the room like a dazzled deer and walked right across – this was a beautiful house on Rogent's Park –

यह एक दुर्लभ भेंट की तरह है कि आप जिसे अपना हीरो मानते हैं, उससे मिल सकें। मित्रता तो बहुत दूर की बात है। ऐसी ही भेंट अमरीकी कवियत्री, उपन्यासकार और असाधरण डायरी लेखिका मे सार्टन (मई 3, 1912 - जुलाई 16, 1995) को प्राप्त हुई, 25 वर्ष के आस-पास, तभी जब वह एक लेखिका के तौर पर शुरूआत कर रही थी, जब वह वर्जीनिया वुल्फ़ (जनवरी 15, 1882 - मार्च 28, 1941) से मिलीं।

अपने साहित्यिक पदार्पण के कुछ ही समय बाद इंग्लैंड की यात्रा पर एक युवा सार्टन ने अपनी पहली कविता संग्रह की एक प्रति वर्जीनिया वुल्फ़ के दरवाज़े पर छोड़ने का का फैसला किया, कुछ फूलों के साथ। उसे आश्चर्य हुआ जब दयालु नौकरानी ने दरवाज़ा खोला और उसे अन्दर बुलाया। अपने आदर्श से मुलाकात करने के इस आकस्मिक अवसर के लिए बे-तैयार सार्टन ने विनम्रता से आमंत्रण को अस्वीकार कर नौकरानी को पुस्तक दी और चली गई।

यह जानते हुए कि सार्टन कितनी उत्कंठापूर्वक वुल्फ़ से मिलना चाहती थीं, प्रमुख लेखिका एलिजाबेथ बोविन ने उन दोनों की एक व्यवस्थित मुलाकात कराने का जिम्मा अपने ऊपर लिया। उन्होंने दोनों को रात्रिभोज के लिए अपने ग्राम आवास में बुलाने का निश्चय किया जो कि आयरलैंड में था-उस युग के रचनात्मक समुदाय का एक उपरिकेंद्र जहां वे साहित्य के टाइटन माने जाने वाले लोग जैसे यूडोरा वेल्टी, कार्सन मैकक्यूला और आईरिस मुर्डोक की मेजबानी करती थीं।

लेखक की चैपबुक-20 वीं शताब्दी के पूर्व प्रचलित लेखकों द्वारा तथ्य, राय और बुद्धि का एक संकलन नामक किताब- 1989 के पेरिस समीक्षा साक्षात्कारों का एक अद्भुत संग्रह, जिसने हमें 'आलोचनाओं को कैसे बरतें' विषय पर कई महत्त्वपूर्ण लेख दिए और 'जेम्स बाल्दविन द्वारा लेखन' पर सलाह भी है, उसमें सार्टन उस क्षण को दोहराती हैं जब वुल्फ़ प्रवेश करती हैं, एक अजीब और अकल्पनीय दृश्य:

वह अन्दर चलकर आईं, 'रोब डे स्टाइल' में, एक सुंदर बल्कि 18वीं शताब्दी की तरह दिखने वाली चौड़ी कॉलर वाली लंबी पोशाक में। और वह कमरे में किसी चौकन्ने हिरण की तरह आईं और चली गईं-रॉजेंट्स पार्क पर यह एक खूबसूरत घर था-लंबी खिड़कियों की तरफ से बाहर

to the long windows and stood there looking out. My memory is that she was not even introduced at that point, that she just walked across, very shyly, and stood there looking absolutely beautiful. She was much more beautiful than any of the photographs show. And then she discovered that I was the person who had left the poems."

Sarton remembers how brilliantly canny and gracious Woolf later was in her response, aware that the young writer's fragile confidence might perch too precariously on her approval or disapproval:

"She answered my gift of the book with a lovely note, which is now in the Berg collection, just saying "Thank you so much, and the flowers came just as someone had given me a vase, and were perfect, and I shall look forward to reading the poems." In other words, never put yourself in a position having to judge. So she never said a word about the poems. But she was delighted to find out that I was the person who had left them.

At Bowen's dinner, Sarton found herself in conversation with Woolf while "the gentlemen were having their brandy and cigars in the other room." She recounts:

"We talked about hairdressers. It was like something in *The Waves*! We all talked like characters in a Virginia Woolf novel. She had a great sense of humour. Very malicious. She liked to tease people, in a charming way, but she was a great tease.

But she put me at ease and I saw her quite often after that. Every time I was in England I would have tea with her, which was a two hour talk. She would absolutely ply me with questions. That was the novelist. I always felt the novelist at work. Where did I buy my clothes? Whom

देखते हुए वह खड़ी हो गईं। मुझे याद पड़ता है कि उस वक्त तक उनका परिचय भी नहीं कराया गया था जब वह बहुत शर्माते हुए एकदम से उस पार चल दी थीं और वहीं खड़ी हो गईं। वह बहुत सुंदर लग रही थीं। वह जितनी सुंदर तस्वीरों में दिखाई देती थीं उससे कहीं ज्यादा सुंदर थीं। और फिर उन्हें पता चला कि मैं ही वह व्यक्ति थी जिसने कविताओं को उनके पास छोड़ा था।

सार्टन याद करती हैं कि बाद में वुल्फ़ अपनी प्रतिक्रिया में शानदार तरीके से सावधान और दयालु थीं। वह इससे अवगत थीं की उनकी स्वीकृति या अस्वीकृति से युवा लेखक के नाजुक आत्मविश्वास को अनिश्चित रूप से चोट पहुंच सकती है।

फ्उन्होंने एक सुंदर छोटे पत्र के साथ, जो कि अब बर्ग कलेक्शन में है, मेरे उस पुस्तक के साथ दिये उपहार के विषय यह कहा कि 'बहुत बहुत धन्यवाद और वह फूल तभी आए जब मुझे किसी ने फूलदान दिया था और वो उपयुक्त थे। मैं कविताओं को पढ़ने के लिए तत्पर रहूँगी।' दूसरे शब्दों में, स्वयं को आलोचना से परे करते हुए। इसलिए उन्होंने मेरी कविताओं के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा। लेकिन वह यह जानकर खुश थीं कि मैं ही वह व्यक्ति हूं, जिसने उन्हें छोड़ा था।

बोविन के रात्रिभोज पर सार्टन ने खुद को वुल्फ़ के साथ बातचीत करते हुए पाया जबकि 'सज्जन पुरुष अपनी ब्रांडी और सिगार के साथ दूसरे कमरे में थे।' वह याद करती है:

'हमने केशकर्मियों के बारे में बात की। वह कुछ 'द वेव्स' के जैसा था। हम वर्जीनिया वुल्फ़ के उपन्यास के पात्रों की तरह बात कर रहे थे। उनके पास गजब का हास्यबोध था। बहुत दुर्भावनाशील। उन्हें लोगों को छेड़ना पसंद था, आकर्षक तरीके से, पर वह बहुत बड़ी चिढ़ाकू थीं।

लेकिन उन्होंने मुझे शांत कर आराम महसूस कराया और उसके बाद मेरी उनसे कई बार मुलाकात हुई। हर बार जब मैं इंग्लैंड में होती थी तो उनके साथ चाय पीती थी जो कि दो घंटे की बातचीत होती थी। वे उपन्यासकार थीं और उपन्यासकार के तौर पर उनके मशगूल रहने की मैं कल्पना करती थी लेकिन इसके विपरीत अपने सवालों से वह मुझे हैरान कर देती थीं।

was I seeing? Whom was I in love with? Everything. So it was enrapturing to a young woman to be that *interesting* to Virginia Woolf. But I think it was her way of living, in a sense. Vicariously. Through people.

Contemplating the strange allure of this strange genius who so enchanted from afar but so struggled with intimacy, Sarton corrects the media-manipulated image of Woolf's mental illness:

"She was never warm. That's true. There was no warmth. It was partly physical, I think. She was a physically unwarm person. I can't imagine kissing her, for instance, I mean on the cheek. But she was delightful, and zany, full of humour and laughter. Never did you feel a person on the brink of madness. That has distorted the image, because she was so much in control."

Complement with Sarton's stunning ode to solitude and Elizabeth Bishop's memoir of Marianne Moore – the most loving remembrance of a role model and mentor ever composed – then revisit Woolf herself on what it takes to be an artist, the relationship between loneliness and creativity, why the most creative mind is the androgynous mind, and what makes love last.

Source
Popova, Maria. "Meeting Virginia Woolf", *Brain Pickings*. 2018.

मैंने अपने कपड़े कहां से खरीदे? मैं किससे मिल रही हूं? मैं किससे प्यार करती हूं? सबकुछ। वर्जीनिया वुल्फ़ के लिए दिलचस्प होना एक युवा औरत के लिए प्रफुल्लित होने की बात थी। पर मैं ऐसा सोचती हूं कि एक तरह से यह उनके जीना का तरीका था, परोक्ष रूप से, लोगों के माध्यम से।

इस अजीब प्रतिभाशाली व्यक्ति के आकर्षक व्यक्तित्व पर विचार करते हुए जो दूर से इतना मंत्र-मुग्ध था लेकिन अंतरंगता के साथ संघर्ष करता है, सार्टन मीडिया द्वारा वुल्फ़ के मानसिक रोग की तोड़ी मरोड़ी गई छवि को सुधारती है।

'वह कभी भी स्नेहमय नहीं थीं। यह सच है। कोई स्नेह नहीं था। यह आंशिक रूप से शारीरिक था, मैं सोचती हूं। वह शारीरिक रूप से अस्नेही थीं। मैं उनको चुंबन देने की कल्पना नहीं कर सकती, उदाहरण के लिए, मेरा मतलब है गाल पर। पर वह आनंदमई, और सनकी, हंसी और हास्य से भरपूर थीं। कभी उस व्यक्ति को पागलपन के कगार पर महसूस नहीं किया। उसने ही छवि को विकृत कर दिया है क्योंकि वह इतने नियंत्रण में थीं।'

सार्टन की एकाकीपन को सम्बोधित करती चकित कर देने वाली कविता और एलिजाबेथ बिशप की मेरियन मोर का संस्मरण। एक अनुकरणीय व्यक्ति और अनुभवी परामर्शदाता की कभी रचित सबसे स्नेहशील स्मृति। दोनों एक साथ पूरक। फिर खुद वुल्फ़ को पढ़िए। एक कलाकार होना कैसा होता है। अकेलेपन और रचनात्मकता के बीच का रिश्ता क्या है, क्यूं सबसे रचनात्मक मन ही सबसे उभयलिंगी मन होता है और प्यार को क्या बचाए रखता है।

अनुवादक
आर्ची राज
बी.एम.एम.एम.सी; तृतीय वर्ष

CHATURVEDI
चतुर्वेदी
CHATURVEDI
चतुर्वेदी

CHATURVEDI
चतुर्वेदी
CHATURVEDI
चतुर्वेदी

पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी प्रसिद्ध हिन्दी लेखक एवं पत्रकार थे। उन्होंने ही साक्षात्कार की विध को पुष्पित एवं पल्लवित करने के लिए सर्वप्रथम सार्थक कदम बढ़ाया। उनकी दोस्ती लेखक प्रेमचंद जी से थी। दोनों अक्सर एक दूसरे को ख़त लिखा करते थे। प्रेमचंद के निधन के बाद बनारसी दास चतुर्वेदी ने उनपर संस्मरण लिखा 'स्वर्गीय प्रेमचंद जी'। इस संस्मरण में उन्होंने उन दो ख़तों को भी शामिल किया है जो प्रेमचंद जी ने साल 1930 और 1935 में उन्हें लिखे थे। इन्हें पढ़कर प्रेमचंद जी के विराट व्यक्तित्व का पता चलता है। उनका देश प्रेम और फकीराना अंदाज इन ख़तों से झलकता है।

"मेरी आकांक्षाएँ कुछ नहीं हैं। इस समय तो सबसे बड़ी आकांक्षा यही है कि हम स्वराज्य-संग्राम में विजयी हों। धन या यश की लालसा मुझे नहीं रही। खाने भरको मिल ही जाता है। मोटर और बंगले की मुझे हवस नहीं। हाँ, यह जरूर चाहता हूँ कि दो-चार ऊँची कोटि की पुस्तकें लिखूँ, पर उनका उद्देश्य भी स्वराज्य-विजय ही है। मुझे अपने दोनों लड़कों के विषय में कोई बड़ी लालसा नहीं है। यही चाहता हूँ कि वह ईमानदार, सच्चे और पक्के इरादे के हों। विलासी, धनी खुशामदी सन्तान से मुझे घृणा है। मैं शांति से बैठना भी नहीं चाहता। साहित्य और स्वदेश के लिए कुछ-कुछ करते रहना चाहता हूँ। हाँ, रोटी-दाल और तोला भर घी और मामूली कपड़े मयस्सर होते रहें।"

[प्रेमचन्द जी के 3-6-30 के पत्र से]

जो व्यक्ति धन सम्पदा में विभोर और मगन हो, उसके महान पुरुष होने की कल्पना भी नहीं कर सकता। जैसे ही मैं किसी आदमी को धनी पाता हूँ वैसे ही मुझपर उसकी कला और बुद्धिमत्ता की बातों का प्रभाव काफ़ूर हो जाता है। मुझे जान पड़ता है कि इस शख्स ने मौजूदा सामाजिक व्यवस्था को-उस सामाजिक व्यवस्था को, जो अमीरों द्वारा गरीबों के दोहन पर अवलम्बितस्वीकार कर लिया है। इस प्रकार किसी भी बड़े आदमी का नाम, जो लक्ष्मी का कृपापात्र भी हो, मुझे आकर्षित नहीं करता। बहुत मुमकिन है कि मेरे मन के इन भावों का कारण जीवन में मेरी निजी असफलता ही हो। बैंक में अपने नाम में मोटी रकम जमा देखकर शायद मैं भी वैसा ही होता, जैसे दूसरे हैं । मैं भी प्रलोभन का सामना न कर सकता, लेकिन मुझे प्रसन्नता है कि स्वभाव और किस्मत ने मेरी मदद की है और मेरा भाग्य दरिद्रों के साथ सम्बद्ध है। इससे मुझें आध्यात्मिक सान्त्वना

1 "I Cannot imagine a great man rolling in wealth. The moment I see a man rich, all his words of art and wisdom are lost upon me. He appears to me to have submitted to the present social order, which is based on exploitation of the poor by the rich. Thus any great name not dissociated with mammon does not attract me. It is quite probable this frame of mind may be due to my own failure in life. With a handsome credit balance I might have been just as others are–I could not have resisted the temptation. But I am glad nature and fortune have helped me and my lot is cast with the poor. It gives me spiritual relief."

(प्रेमचन्द जी के 1.12.35 के पत्र का एक अंश)

"I do not have any aspirations as such. At this point of time, my greatest aspiration is to emerge victorious in the freedom struggle. I no longer desire wealth or fame. I manage to procure food somehow. I do not have a yearning for a car or a house. However, I do wish to write a few volumes of books, centred around the freedom of my nation. I do not expect a lot from my two sons. All I hope for is that they turn out to be honest, determined and steadfast human beings. The idea of having privileged, rich children, fills me with disgust. I have no desire to sit idle. I would rather keep contributing towards literature and the nation. Of course, provided that I can continue to afford my meals with *dal* and *ghee* and basic clothing."

[From a letter written by Premchand, dated 3 June 1930]

"I cannot imagine a great man rolling in wealth. The moment I see a rich man, all his words of art and wisdom are lost upon me. He appears to me to have submitted to the present social order, which is based on exploitation of the poor by the rich. Thus any great name not dissociate with mammon does not attract me. It is quite probable this frame of mind may be due to my own failure in life. With a handsome credit balance I might have been just as others are- I could not have resisted the temptation, But I am glad nature and fortune have helped me and my lost is cast with the poor. It gives me spiritual relief."[1]

1 An excerpt from a letter written by Premchand, dated 1 December 1935. Since the original letter was written in English, it has been picked verbatim in the present translation.

मिलती है।'' [1]
प्रेमचन्द जी की याद आते ही उनके उपर्युक्त दोनों पत्रों का, जो 5 वर्ष के अन्तर पर लिखे गये थे, स्मरण हो आया। ये दोनों के प्रेमचन्दजी के जीवन के उद्देश्यों और उनकी आकांक्षाओं को प्रकट करते हैं। यदि प्रेमचन्दजी ने सरकारी नौकरी न छोड़ी होती, तो वे डिप्टी इन्सपैक्टर ऑफ स्वूल्स अथवा असिस्टेण्ट इन्सपैक्टर होकर रिटायर होते, पर उन्होंने त्याग और तप का जीवन अंगीकार किया था और अपनी आकांक्षाओं को 'रोटी-दाल, तोला भर घी और मामूली कपड़े' तक ही सीमित कर लिया था। गरीबी के इस व्रत को ग्रहण करने के कारण ही वे हमारे साहित्य के लिए ऐसे अमर ग्रन्थ प्रदान कर गये, जिनकी वजह से हम आज अन्य भाषा-भाषियों के सम्मुख अपना मस्तक ऊंचा कर सकते हैं।

इन पक्तियों के लेखक पर प्रेमचन्दजी की कृपा थी, और वह अपने जीवन के पवित्रतम संस्मरणों में प्रेमचन्दजी की स्मृति की गणना करता है। सन् 1924 की बात है। प्रेमचन्दजी के प्रथम-दर्शन करने का सौभाग्य मुझे लखनऊ में प्राप्त हुआ था। उन दिनों वे शायद 'रंगभूमि' नामक उपन्यास लिख रहे थे। उनके घर पर ही उपस्थित हुआ था और उनके साथ सड़कों पर कुछ दूर प्रातः काल के समय टहला भी था। उस समय उन्होनें अपनी बाल्यवस्था के अनुभव, जब कि वे किसी मौलवी साहब से पढ़ते थे, सुनाये थे। प्रेमचन्दजी के एक गुण ने मुझे सबसे अधिक आकर्षित किया था, वह था उनमें साम्प्रदायिकता का सर्वथा अभाव। हिन्दू-मुस्लिम एकता के वे बड़े हामी थे, और दोनों के सांस्कृतिक मेल के लिए उन्होनें जीवन-भर परिश्रम भी किया था। उस थोड़े-से समय में, जो उनके साथ व्यतीत हुआ, प्रायः इसी विषय पर बातचीत होती रही।

इसके बाद पिछले बारह वर्ष में प्रेमचन्दजी से मिलने के दो-तीन अवसर और मिले और पत्र-व्यवहार तो निरन्तर चलता रहा। बातचीत की तरह उनका पत्र-व्यवहार भी दिल खोलकर होता था। दिसम्बर 1932 में उनके साथ काशी में दो दिन तक रहने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ था। इन दो दिनों में एक दिन तो प्रातः काल के 11 बजे से रात के 10 बजे तक और दूसरे दिन सवेरे से शाम तक वे अपना सब काम छोड़कर मुझसे बातचीत करते रहे। इन दो दिनों में वे सैकड़ों बार ही हँसे होगें और सैकड़ों बार ही उन्होनें मुझे हँसाया होगा उनकी जिन्दादिली का क्या कहना।

स्रोत

संस्मरण, 1958, पृ. 76-78

The moment Premchandji comes to mind, I recollect the two aforementioned letters written by him within a span of five years. These letters depict the aims and aspirations of his life. Had he not left his government job, he would have retired either as the Deputy Inspector of Schools or an Assistant Inspector. However, he chose a life of austerity and sacrifice for himself and kept his aspirations limited to '*dal* and *ghee* and basic clothing'. It was because he adhered to this way of life that he could give us immortal literary texts on the basis of which we can hold our head high amongst scholars of other languages and literatures.

Reader, the writer of these excerpts was deeply influenced by Premchand and he, in his most valued accounts, alludes significantly to his memory. I had the privilege of meeting Premchandji for the very first time in Lucknow in the year 1924. At that time, he was perhaps engaged in the writing of the novel *Rangbhumi*. I stayed at his house and would even spend the wee hours of the mornings strolling with him on the streets. He would narrate stories of his childhood when he was under the tutelage of a *maulvi*. What I found the most attractive about him was the complete lack of communal tendencies. He advocated for Hindu-Muslim unity and spent his life working towards the cultural harmony of the same. In the little time that we spent together, we would frequently discuss this issue.

Over the last twelve years, I have met Premchandji twice or thrice on different occasions and have kept in touch via a ceaseless exchange of letters. He exhibits the same munificence in his letters as he does in person. In December 1932, I had had the privilege of spending two days with him in Kashi. Having kept all his work aside, he spent the both days, from early morning to late evening, conversing with me. During these two days, he must have laughed and made me laugh a thousand times. How does one even begin to describe his vivacious and spirited nature?

Translated by
Namrata Sen
B.A. (Hons.) Psychology, II year

SARTRE
सार्त्र
SARTRE
सार्त्र
TRE
सार्त्र
TRE
सार्त्र
TRE
सार्त्र
SARTRE
सार्त्र
SARTRE
सार्त्र



Jean-Paul Sartre (1905-1980) was a post war French philosopher who championed the idea of existential freedom. He shared a philosophical kinship with Albert Camus (1913-1960), which ultimately dissipated in the face of an intellectual feud. While Camus underscored political moderation, Sartre believed in revolutionary violence.

This text, originally written in French, is a tribute to Camus by Sartre post the accidental death of the former, wherein their previous public fallout is allayed as Sartre lauds Camus' 'obstinate humanism' and mulls over the absurdity of his death.

Six months ago, even yesterday, people wondered: "What is he going to do?" Temporarily, torn by contradictions that must be respected, he had chosen silence. But he was one of those rare men we can well afford to wait for, because they are slow to choose and remain faithful to their choice. Someday he would speak out. We could not even have dared hazard a guess as to what he might say. But we thought that he had changed with the world as we all do; that was enough for us to be aware of his presence.

He and I had quarreled. A quarrel doesn't matter—even if those who quarrel never see each other again—just another way of living together without losing sight of one another in the narrow little world that is allotted to us. It didn't keep me from thinking of him, from feeling that his eyes were on the book or newspaper I was reading and wondering: "What does he think of it? What does he think of it at this moment?"

His silence, which according to events and my mood I considered sometimes too cautious and sometimes painful, was a quality of every day like heat or light, but it was human. We lived with or against his thought as it was revealed to us in his books- especially *The Fall*, perhaps the finest and the least understood – but always in relation to it. It was an exceptional adventure of our culture, a moment of which we tried to guess the phases and the final outcome.

He represented in our time the latest example of that long line of *moralistes* whose works constitute perhaps the most original element in French letters. His obstinate humanism, narrow and pure, austere and sensual, waged and an uncertain war against the massive and formless events of the time. But on the other hand through his dogged rejections he reaffirmed, at the heart of epoch, against the Machiavellians and against the Idol of realism, and the existence of moral issue.

छह महीने पहले, यहां तक कि कल भी, लोग आश्चर्यचकित थे, 'यह क्याकरने वाला है?' अस्थायी तौर पर, विरोधाभासों, जिनका सम्मान किया जाना चाहिए, उनसे परेशान होकर उसने मौन चुन लिया था। लेकिन वह उन दुर्लभ पुरुषों में से एक था जिनका हम इंतजार कर सकते हैं, क्योंकि वे चयन करने में धीमे हैं और अपने चयन में वफ़ादार रहते हैं। किसी दिन वह बोलेगा। हम एक अनुमान लगाने की भी हिम्मत नहीं कर सकते थे कि वह क्या बोलेगा। लेकिन हमने सोचा कि वह दुनिया के साथ बदल गया था जैसा कि हम सभी बदल जाते हैं ; यह उसकी उपस्थिति के बारे में हमें अवगत कराने के लिए काफी था।

हमने झगड़ा किया था। झगड़ा कोई मायने नहीं रखता-भले ही झगड़ा करने वाले फिर एक-दूसरे को कभी ना देंखे-बस साथ रहने का एक तरीका, बिना एक-दूसरे की दृष्टि खोए, इस संकीर्ण दुनिया में जो हमें आवंटित की गई है। इसने मुझे उसके बारे में सोचने से नहीं रोका, यह महसूस करने से नहीं रोका कि उसकी आंखें उस किताब या अख़बार पर थीं जो मैं पढ़ रहा था और सोच रहा थाः 'वह इसके बारे में क्या सोचता है? वह इस पल इसके बारे में क्या सोचता है?'

उसकी चुप्पी, जिसको घटनाओं और मेरी मनोदशा के अनुसार मैंने कभी-कभी बहुत सतर्क और कभी-कभी बहुत दर्दनाक माना, हर दिन की विशेषता थी, जैसे गर्मी और प्रकाश, लेकिन मानवीय थी। हम उसके विचार के साथ या खिलाफ रहते थे जैसा हमें उसकी पुस्तकों से पता चला था, विशेष रुप से 'द फॉल', संभवतः उसका सबसे नायाब काम था जिसे कम समझा गया। वह हमारी संस्कृति का असाधारण साहसिक कार्य था, एक आंदोलन जिसके हमने चरण और अंतिम परिणाम के अनुमान लगाने के प्रयास किए थे।

उसने हमारे समय में नैतिक-वादियों की लंबी कतार, जिनके काम फ्रांसीसी अक्षरों में सबसे मूल तत्व के अंश हैं, उनके नवीनतम उदाहरण का प्रतिनिधित्व किया। उसका जिद्दी मानवतावाद, संकीर्ण और शुद्ध, आडंबरहीन और कामुक, ने समय के विशाल और निराकार घटनाओं के खिलाफ एक अनिश्चित युद्ध छेड़ दिया। लेकिन दूसरी तरफ अपनी हठी अस्वीकृतियों से, उसने हमारे युग के हृदय में, मैकियावेलियन्स के विरुद्ध और यथार्थवाद की प्रतिमा के विरुद्ध, नैतिक मुद्दे के अस्तित्व की पुष्टि की।

In a way, he was that resolute affirmation. Anyone who read or reflected encountered the human values he held in his fist; he questioned the political act. One had to avoid him or fight him- he was indispensable to that tension which makes intellectual life what it is. His very silence, these last few years, had something positive about it: This Descartes of the Absurd refused to leave the safe ground of morality and venture on the uncertain paths of practicality. We sensed this and we also sensed the conflicts he kept hidden, for ethics, taken alone, both requires and condemns revolt.

We were waiting: we had to wait; we had to know. Whatever he did or decided subsequently, Camus would never have ceased to be one of the chief forces of our cultural activity or to represent in his way the history of France and of this century. But we should probably have known and understood his itinerary. He said to himself: " My work lies ahead." Now it is over. The particular scandal of his death is the abolition of the human order by the inhuman.

The human order is still but a disorder: it is unjust and precarious; it involves killing, and dying of hunger; but at least it is founded, maintained or resisted by men. In that order Camus had to live. That man on the move questioned us, was himself a question seeking its reply; he lived in the middle of a long life : for us, for him ,for the men who maintained order and for those who reject it, it was important for him to break his silence, for him to decide, for him to conclude. Some die in old age while others, forever in reprieve, may die at any minute without the meaning of their life, of life itself, being changed. But for us, uncertain without a compass, our best men had to reach the end of the tunnel. Rarely have the nature of a man's work and the conditions of the historical moment so clearly demanded that a writer go on living.

एक तरह से, वह दृढ़ प्रतिज्ञान वह खुद था। जो भी पढ़ते थे या चिंतन करता थे, उन्हें उसकी मुठ्ठी में बंद मानवीय मूल्यों का सामना करना पड़ता था; वह राजनीतिक कृत्य पर सवाल खड़ा करता था। किसी को या तो उससे बचना पड़ता था या लड़ना पड़ता था। वह उस तनाव से अपरिहार्य था जो बौद्धिक जीवन को वैसा बनाता है जैसा कि वह है। उसकी चुप्पी ये पिछले कुछ वर्षों से सकारात्मक से लगती थी। इस बेतुकों के डेसकार्टेस ने नैतिकता के सुरक्षित आधार को छोड़कर, व्यवहारिकता के अनिश्चित रास्तों पर जाने से मना कर दिया था। हमने यह महसूस किया और उन संघर्षों को भी जो वह छुपा कर रखता था, क्योंकि नैतिकता के लिए अकेले लें, तो दोनों की आवश्यकता होती है विद्रोह की भी और निंदा की भी।

हम इंतजार कर रहे थे; हमें इंतजार करना पड़ा था, हमें जानना था। बाद में उसने जो भी किया या तय किया,कामू कभी हमारी सांस्कृतिक गतिविधि के मुख्य बलों में से एक होना बंद नहीं करता या अपने तरीके से फ्रांस या इस शताब्दी के इतिहास का प्रतिनिधित्व करना बंद नहीं करता। लेकिन हमें शायद उसकी यात्रा क्रम को जानना और समझना चाहिए था। उसने खुद ऐसा कहा था: "मेरा काम आगे पड़ा है"। अब यह खत्म हो चुका है। उसकी मृत्यु का विशेष कांड अमानवीय द्वारा मानवीय व्यवस्था का उन्मूलन है।

मानवीय व्यवस्था अभी भी एक विकार है, यह अन्यायपूर्ण और अनिश्चित है, इसमें मारना; शामिल है, और भूख से मरनाॠ लेकिन कम से कम पुरुषों द्वारा इसकी स्थापना की जाती है, बनाए रखा जाता है या इसका विरोध किया जाता है। उस व्यवस्था मेंकामू को जीना था। उस यात्रा करते आदमी ने हमसे सवाल किया। वह खुद भी एक सवाल था अपने जवाब की तलाश में; वह एक लंबे जीवन के मध्य में रहता था; हमारे लिए, उसके लिए, उन पुरुषों के लिए जो व्यवस्था बनाए रखते हैं और जो उसे अस्वीकार करते हैं, उसके लिए जरूरी था कि वह अपनी चुप्पी तोड़े, उसके तय करने के लिए, उसके निष्कर्ष निकालने के लिए। कुछ लोग बुढ़ापे में मरते हैं जबकि बाकी सब, जो सदा के लिए दंडविराम पर हैं, किसी भी पल मर सकते हैं बिना अपने जीवन का अर्थ या जीवन के खुद बदले बिना। लेकिन हमारे लिए, बिना दिशा सूचक यंत्र के अनिश्चित, हमारे श्रेष्ठ पुरुषों को सुरंग के अंत तक पहुंचना था। शायद ही कभी किसी आदमी के कार्य के स्वरूप और एक ऐतिहासिक क्षण की शर्तों ने इतनी स्पष्टता से किसी लेखक के जीते रहने की मांग की है।

I call the accident that killed Camus a scandal because it suddenly projects into the centre of our human world the absurdity of our most fundamental needs. At the age of twenty, Camus, suddenly afflicted with a malady that upset his whole life, discovered the Absurd- the senseless negation of man. He became accustomed to it, he thought out of his unbearable condition, he came through. And yet one is tempted to think that only his first works tell the truth about his life, since that invalid once cured is annihilated by an unexpected death from the outside.

The Absurd might be that question that no one will ask him now, that he will ask no one, that silence that is not even a silence now, that is absolutely nothing now.

I don't think so. The moment it appears, the inhuman becomes a part of the human. Every life that is cut off even the life of so young a man- is at one and the same time a phonograph record that is broken and complete life. For all those who loved him, there is an unbearable absurdity in that death. But we shall have to learn to see that mutilated work as a total work . Insofar as Camus's humanism contains a human attitude toward the death that was to take him by surprise, insofar as his proud and pure quest for happiness implied and called for the inhuman necessity of dying, we shall recognize in that work and in the life that is inseparable from it the pure and victorious attempt of one man to snatch every instant of his existence from his future death.

Source

Sartre, Jean- Paul. "Tribute to Albert Camus", *Camus: A Collection of Critical Essays.* Ed. Germaine Bree. 1962.

मैं कामू को मारने वाली घटना को दुर्घटना इसलिए बुलाता हूं क्योंकि वह अचानक से हमारी मूलभूत आवश्यकताओं की अर्थहीनता को मानवीय दुनिया के केंन्द्र में पेश करती है। बीस साल की उम्र में कामू अचानक ऐसे रोग से पीड़ित हुआ जिसने उसके पूरे जीवन में उलटफेर कर दिया। पुरुष का निरर्थक प्रतिवाद। वह उसका आदी हो गया, उसने अपनी असहनीय स्थिति के बारे में सोचा, उससे बाहर आ गया। और फिर भी एक व्यक्ति इस सोच के लोभ में पड़ जाता है कि सिर्फ उसके शुरुआती काम ही उसके जीवन की सच्चाई के बारे में बताते हैं। लंबे समय से बीमार व्यक्ति जब एक बार रोगमुक्त हो जाता है। बाहरी तौर पर अप्रत्याशित मृत्यु की आशंका भी उसके भीतर नष्ट हो जाती है।

'बेतुका' वह सवाल हो सकता है जो अब उससे कोई नहीं पूछेगा, जो वह किसी से नहीं पूछेगा, वह चुप्पी जो अब एक चुप्पी भी नहीं है, जो कि अब पूर्ण रूप से कुछ भी नहीं है।

मैं ऐसा नहीं सोचता। उस पल जैसे ही वह प्रकट होता है, अमानवीयता मानव का एक हिस्सा बन जाती है। हर वह जीवन जिस पर विराम लग जाता है - यहां तक कि एक जवान पुरुष के भी-एक बार में और उसी समय एक फोनोग्राफ रिकॉर्ड है जो टूट गया है और एक पूरी जिन्दगी। उन सभी के लिए जो उससे प्यार करते थे, उसकी मौत में एक असहनीय बेतुकापन है। पर हमें उस विकृत कार्य को संपूर्ण कार्य की तरह देखना सीखना पड़ेगा। जहां तक कि कामू की मानवतावाद में मृत्यु के प्रति एक मानवीय दृष्टिकोण शामिल है जो उसे आश्चर्यचकित करने वाली थी, जहां तक की खुशी के लिए उसकी गर्वित और शुद्ध खोज में मरने की अमानवीय आवश्यकता निहित है और इसकी सार्वजनिक मांग करती है, हम पहचान लेंगे उस कार्य में और उस जीवन में जो उससे अविभाज्य है, एक आदमी की भविष्य में संभावित मृत्यु से अपने अस्तित्व के हर पल को छीनने की शुद्ध और विजयी कोशिश।

अनुवादक
मीनल
बी.एम.एम.एम.सी; द्वितीय वर्ष

DESHPANDE
देशपांडे
DESHPANDE
देशपांडे

DESHPANDE
देशपांडे
DESHPANDE
देशपांडे

पंडित कुमार गन्धर्व, जिनका वास्तविक नाम 'शिवपुत्र सिद्ध रामैया कोमकाली' है, भारत के सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक थे। वह दस वर्ष की आयु से ही संगीत समारोहों में गाने लगे थे और ऐसा चमत्कारी गायन करते थे कि उनका नाम कुमार गन्धर्व पड़ गया। वह अपनी विशिष्ट गायन शैली और किसी भी घराने की परंपरा से न बंधे रहने के लिए जाने जाते थे। उन्हें बचपन से सुनने वाले वामन हरी देशपांडे द्वारा रचित पुस्तक 'रसास्वाद' के इस अंश में उन दोनों की पहली मुलाकात का विवरण है।साथ ही गंधर्व और उनके गुरु के मध्य जो आत्मीय रिश्ता था और उसका उनकी गायन विद्या पर पड़ते प्रभाव का भी विस्तार से वर्णन है।

सन् 1935 से मैं कुमारजी को देखता-सुनता चला आ रहा हूँ और आज उन्नीस वर्ष बाद भी उनके प्रथम दर्शन की छाप मेरे मन पर उतनी ही ताजी बनी हुई है। उस वर्ष बम्बई के जिन्ना हॉल में सम्पन्न संगीत परिषद् के सूत्रधार थे मेरे मित्र श्री बी. आर. देवधर, स्वर्गीय मोतीराम पै और मैं स्वयं। अध्यक्ष थे संगीत को सर्वस्व समझने वाले धरमपुर रियासत के तत्कालीन महाराज। स्वागताध्यक्ष थे स्वर्गीय माननीय बैरिस्टर जयकर। परिषद में अनेक माने हुए गायक-गायिकाओं की महफिलें हुईं और मुरब्बी कलाकारों ने अपने-अपने जौहर की हद कर दी। संगीत का इतिहास बनाने वाले महान गायक, ऐसे कि जिनका पुण्यस्मरण आज भक्ति-भाव से किया जाता है, उस परिषद में मौजूद थे। सारा हॉल खचाखच भरा हुआ था, कहीं खड़े रहने तक की जगह नहीं थी। वह आज का बाजार नहीं था, महफिल थी। रसिकों की भारी भीड़, गुणों को हाथों हाथ झेल लेने वालों की सभा थी वह। असीम उत्साह। महाराज साहब तथा श्री जयकर की उपस्थिति से उसे एक विशिष्ट प्रतिष्ठा भी प्राप्त हो गयी थी। ऐसी स्थिति में उम्र से बारह किन्तु दिखने में दो वर्ष का बाल-कुमार स्टेज पर आ बैठा और उसने सभा पर अपनी आवाज का सम्मोहन अस्त्र चला दिया। एक क्षण में वह सारी सभा जैसे उसकी पकड़ में आ गयी। हर जगह और प्रत्येक हरकत पर दाद दी जा रही थी। सभा का उत्साह जैसे उबला जा रहा था और रसिकता उफन रही थी। गाना थोड़ी ही देर तक चला, लेकिन हर चेहरे पर विस्मय अंकित था। हर उपस्थित रसिक एवं कलाकार में इस लड़के की सराहना करने की लहरें उठ रहीं थीं, लिहाजा वहाँ पुरस्कारों और सराहना की जैसे झड़ी लग गयी। किसी ने नकद पैसे दिये, किसी ने तमगे तो किसी ने और कुछ। कोने-कोने से उत्स्फूर्त भेंटे चली आ रहीं थीं।देने वालों में खाँ साहेबान थे, पंडित जी थे, गायिकाएँ थीं। हर एक को यही फिक्र थी कि इस लड़के के असामान्य गुणों की देखभाल और विकास कौन करेगा? लेकिन अबोध कुमार को इस सबका कोई एहसास नहीं था।

I have known of Kumarji since 1935 and today, even after nineteen years, the impression of our first meeting still remains fresh in my mind. That year in Jinnah Hall, Mumbai, my dear friend Mr B R Devdhar, Late Motiram Pai, and I myself were the *sutradhar*[1] of a successful music society. The President, who had great knowledge about music, was the former Maharaja of Dharampur province. The Guest of Honor was Late Barrister Jaykar. Many well-known singers performed in the *mehfil*[2], and the mellifluous artists transcended their own glory. Singers who are now revered as gods, having made history in the world of music, were present there. The hall was packed with no space to even stand. The gathering comprised several connoisseurs of music, who could cultivate the artists' caliber. The air was charged. The presence of Maharaja Sahab and Jaykar added to the prestige of the event. It was then, that a boy of around twelve, although much younger looking, took the stage and mesmerized the entire gathering. In an instant, the crowd was spellbound. Each cadence, each inflection was applauded. The excitement was palpable and had reached its peak. The song was brief, but the astonishment was evident on everyone's face. The patrons and artists present there were itching to foster this talent and thus, began showering him with gifts and praises including token cash, laurels and so on. Offerings poured in from each corner, from Khan Sahib, Panditji, and various artistes. There were concerns as to who would help this young boy cultivate and hone his prodigious talent. But Kumar, in his innocence, was oblivious to all of this.

---

1 The *Sutradhar* or the narrator is a significant part of South Asian theatrical practices. He/she usually narrates the story to the audience and bridges the gap between various scenes and episodes. He/she often acts as the stage manager as well.

2 A *mehfil* is a gathering that usually comprises lovers of music, both artists and patrons alike, in which the performance occurs in front of an small, intimate audience.

मुझे कुमारजी के प्रथम दर्शन जो हुए सो ऐसे। स्पष्ट ही उस समय उनसे मेरी जान-पहचान नहीं थी। पर वे उसके कुछ ही दिनों बाद प्रो. देवधर के पास सीखने के लिये आये। इसके बहुत पहले से श्री देवधर से मेरे मित्रता के सम्बन्ध थे ही। देवधरजी की शागिर्दी तथा कुमारजी के प्रति स्नेह के कारण मैं बराबर उनकी पूछताछ करता रहता था। देवधरजी का कुमार पर प्रेम और कुमारजी के मन में भी देवधरजी के प्रति असीम आदर।

नवनिर्माण के लिये व्यक्ति में कुछ विशेष गुण अनिवार्य रूप से आवश्यक होते हैं। स्वतंत्र तबीयत लगती है, स्वतंत्र प्रज्ञा तथा प्रतिभा आवश्यक होती है और स्वभाव प्रयोगशील। मुख्यतया विद्रोहीपन आवश्यक होता है। कई बार यह सारी बातें होते हुए भी वे अधिक प्रखर न हों तो किसी एक घराने की तालीम का कठोर अनुशासन अंग में समा जाने पर उस घराने के दबाव से वे सब कुचल दी जाती हैं। कलाकार में वैसी शक्ति हो तो ही उसकी स्वतंत्र प्रवृत्ति इस सबसे सही-सलामत बची रह पाती है। उदाहणार्थ, एक अब्दुल करीम खाँ या अल्लादिया खाँ जैसा दुर्दम्य स्वतंत्र प्रवृत्ति कलाकार नयी गायकी या नयी बंदिशें निर्माण कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ही ऐसा होता है। जहाँ तक घरानों का सम्बन्ध् है, उनका अनुशासन, रीतिरिवाज, बर्ताव, स्वतंत्र सौन्दर्य प्रणाली आदि काफी कुछ बखानने लायक हो फिर भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि घराने के कारण कलाकार की व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर काफी पाबंदियाँ लग जाती हैं। और कई ख्यातनाम कलाकारों को जब तक उन्होंने अपने घराने के परकोटे पार नहीं कर लिए। अंततः कला आत्मा की ही खोज होती है। लेकिन अब तक उसकी प्राप्ति घराने के राजमार्ग पार करने के बाद ही होती थी।

लेकिन कुमारजी का सारा प्रवास इस राजमार्ग से न होकर अलग राहों से ही हुआ। मूलतः स्वतन्त्र एवं विद्रोही प्रवृत्ति, प्रज्ञा एवं प्रतिभा भी महान, और स्वभाव निडर।इसके अलावा प्रो. देवधर की तालीम के कारण वे किसी घराने के अनुशासन में फंसे ही नही। क्योंकि स्वयं देवधरजी का स्वभाव किसी के अनुशासन में फंसे रहने का नहीं था।। इसलिए विद्रोही

That was the first time that I saw Kumarji and evidently had not known him from before. It was only a few days after this that he came to Professor Devdhar's residence to take lessons from him. I had known Devdhar as a friend for a long time. Devdharji's tutelage and my affection for Kumarji meant that I would often inquire after him. He too was very fond of Kumar and the latter respected him immensely.

To ameliorate oneself, one needs to have certain necessary qualities. An independent constitution, liberal talent, and wisdom, along with a pragmatic approach – and most importantly a sense of rebellion. Sometimes, even when these traits are present, a dull mind can lose those, when forced to inculcate the harsh discipline and rigour of a *gharana*[3]. The artist can only protect his independent nature if he possesses the strength to reject this. For instance, people like Abdul Karim Khan, or Allahdiya Khan with a steadfast and independent spirit are able to bring about novel and original trends in music. But this is a rarity. As far as a *gharana* is concerned, its discipline, tradition, demeanor, its unique systems etcetera are no doubt worth mentioning – yet it is without question that the personal freedoms of an artiste are often suppressed by the same. Many famous artists have found their essence and true genius after venturing out of the bounds of the *gharana*. Art is, after all, a search for the soul, but is only attained when one crosses the highroad of the *gharana*.

However, *Kumarji's* journey followed a different path altogether. In essence, Kumarji's independent and rebellious personality, superlative talent, and fearless nature, along with Professor Devdharji's training freed him from the rigid discipline of the *gharana*. It was by

3 A *Gharana* is an idiosyncratic style or method used by a school of music or dance and its associated teachers and passed on to the next generation of pupils.

प्रवृत्ति के कुमार और स्वतंत्र प्रवृत्ति के देवधरजी गुरु शिष्य की यह जोड़ी सम समा संयोग ही था। देवधरजी के पास कुमार उम्र के बारहवें वर्ष से लेकर तेईसवें वर्ष तक यानी कोई ग्यारह वर्ष रहे। लेकिन यह जोड़ी पुराणपन्की गुरूजी तथा अंधश्रद्धा रखने वाला शिष्य इस प्रकार की नहीं थी।

कुमारजी की छोटी तथा संस्कारक्षम उम्र का तथा देवधरजी के लीक से हटकर विचार तथा व्यासंग का संयोग विशेष फलदायी रहा। यह वह समय था जब देवधरजी के अनेक उद्यम तथा प्रयोग उनकी संगीतशाला, उनकी छात्रों की तालीम, उनकी विदेश यात्राएँ तथा उनसे उत्पन्न विशाल दृष्टिकोण प्रो. स्किझी से पाश्चात्य संगीत का अध्ययन, संगीत में सर्व-संग्राहक प्रवृति, विभिन्न घरानों के खानदानी गायकों से अलग-अलग रागों की अलग-अलग बनावट की बंदिशें सीख कर नोटेशनबद्ध कर लिया गया संग्रह, हर राग का व्यवस्थित रूप से विवेचन तथा उसकी चर्चा उनकी सभाएँ एवं भाषण आदि तमाम प्रवृत्तियाँ बड़े जोरों पर थी। देवधरजी का घर या उनकी शाला गायक-वादकों का एक मुकाम ही था। एक भी गायक नहीं था कि जो वहाँ आया-जाया न करता था। और न एक भी गायक-गायकी अथवा संगीत का तत्व ऐसा था कि जिसकी चर्चा एवं विश्लेषण वहाँ हुआ न हो। अनेक ख्यातनाम गायक चाहे शाला की सहायता की खातिर कहिये, चाहे पं. विष्णु दिगंबरजी की पुण्यतिथि के निमित्त कहिये या किसी बड़े आदमी से मिलने के हेतु से कह लीजिए, वहाँ आये बगैर अथवा गये बगैर शायद ही रहे हों। संगीत विषय की इतनी उठापटक वहाँ चला करती थी। महफिल जीतने वाले कलाकार के रूप में यश प्राप्त करने की कोशिश में देवधरजी कभी नहीं रहे। लेकिन अध्ययनशील तथा संग्रहात्मक प्रवृत्ति और तफ़सीलवार चर्चा -विश्लेषण का अपार धन देवधरजी के पास था।विभिन्न घराने, उनके ख्यातनाम गायक, उनकी अलग अलग गायकी देवधरजी की सूक्ष्म दृष्टि से बची नहीं थी। देवधरजी के जीवन में जो कुछ भी होता था कुमारजी भी वहीं होते ही थे। महत्वाकांक्षी स्वभाव, संवेदनशील मन, किसी भी आड़ी-टेढ़ी राह पर चल पड़ने का साहस तथा संगीत के सम्बन्ध में अलग अलग चर्चाएँ तथा विश्लेषणों का नित्य श्रवण आदि के संयोग का कुमार जी के मन पर

sheer coincidence that this pair, of a rebellious natured pupil and a freethinking tutor, could come together. Kumar stayed with Devdharji for eleven years, from the age of twelve to twenty-three. But this was no ordinary duo of an orthodox guru and an uncritical student.

The combination of Kumarji's young and impressionable age coupled with Devdharji's out of the box ideas and knowledge proved fruitful. During that time, Devdharji was involved in various pursuits – experiments, the training of his students at his music school, foreign trips and a resultant broad perspective; the study of western music under Professor Shikshi catalyzed by his interest in exploring all domains of the field; the collecting of notations and musical compositions of different *ragas* learnt from the traditional singers of diverse *gharanas*, deliberations and discussions on their compositions, lectures, assemblies and so on and so forth. Devdharji's home had become a haven for singers and musicians. There was not a single artist who did not frequent his place, and not a single facet of music that wasn't discussed and deliberated upon. Almost all famous artists, be it for the provision of aid for the workshops, or on the occasion of Pandit Vishnu Digambarji's death anniversary, or even to merely meet other renowned people, had visited the place. There were incessant and animated discussions on music. Devdharji had never been the one to compete in a *mehfil* in the thirst for fame. But he had the intellectual capacity for scholarship and nuanced discursivisation along with the knowledge of different bodies of work in the field. Nothing escaped his critical gaze- be it the numerous *gharanas*, their celebrated singers, or their unique compositions. Both their qualities and their shortcomings were subject to continual discussions. In each of these events in Devdharji's life, Kumarji was present. The amalgam of the former's ambitious but sensitive nature, his courage to

उनकी किशोर तथा तरूण अवस्था में कितना गहरा असर होगा, इसकी मात्र कल्पना ही की जा सकती है।फलाँ गायक में फलाँ दोष है यह जान पड़ने पर कुमारजी मन ही मन निश्चय करते कि मेरे गायन में यह दोष नहीं आ पायेगा। फलाँ-फलाँ बात बहुत ही अच्छी है किन्तु उतनी ही कठिन भी, यह तय पाये जाने पर कुमारजी मन ही मन प्रतिज्ञा करते कि मैं उसे कर दिखाऊँगा। गाना इस ढंग का होना चाहिये इस आशय की चर्चा हुई नहीं कि कुमारजी ठान लेते थे, चाहे कुछ भी हो मैं उसी प्रकार गाऊँगा ही। हर किसी के गायन में देवधरजी कुछ न कुछ खामी बतलाते और परिणामस्वरूप कुमारजी ने प्रतिज्ञा की कि मैं इनमें से किसी भी तरह नहीं गाऊँगा और न किसी की नकल करूँगा।

...

स्रोत
रसास्वाद, 1991, पृ. 85-88

explore the unconventional coupled with the absorption of daily discussions on music had an unfathomably deep impact on the latter's young and impressionable mind. *This singer has so and so flaws*- Kumarji would hear and decide in his mind to steer clear of those flaws in his singing. *This is great in theory but difficult in praxis* – he would determinedly decide to accomplish the same. The moment the rules of superlative singing were decided upon, he would make it a point to sing accordingly. Devdharji would point out some or the other drawback in everyone's singing and consequently, Kumarji decided that he would neither commit those errors nor imitate anyone in his art.

...

Translated by
Manushreya Sharma
BMMMC, I year

PRITAM
प्रीतम
PRITAM
प्रीतम

PRITAM
प्रीतम
PRITAM
प्रीतम

A lover, is a poet, is a lover. Amrita Pritam's warm admissions through her writing about her life at a young age, read like a shared secret. Her poetry and honesty come from a place of love and longing – for lands, for people. Effortlessly turning her romanticism into an expression of social and political anguish, she remained active as a part of the Progressive Writers' Movement throughout her life. Writing in both Punjabi and Hindi, her legacy remains loved by the people on either side of the border.

The following is a short piece dedicated to the devotion of Meera Bai, a Bhakti poet whose worship of Lord Krishna transcended the human realm.

A PAGE FROM MEERA'S HISTORY relates this- When the gates of her palace were thrown open to the saints and hermits of that time, the air around became imbued with humans and devotional strains. This became intolerable for the conservatives of that period. They flew into a rage, as their eyes could not perceive the pure soul of Meera.

A conspiracy was hatched; that too in the name of God. A young Brahman lad was tempted and instigated to go to Meera. With blasphemy blatant on his lips, he uttered that he was commanded by God to enjoy Meera's bed for one night. Meera simply listened to him and agreed. She asked him to come in the evening. The young Brahman went home and got a silk attire ready. He decked himself up, wore scent and perfume and arrived at Meera's door in the evening.

The *durban* ushered him in were Meera was engrossed in prayers and devotional songs with the saints and hermits This youth noticed that in the middle, amongst the group of *Sadhus*, a decorated bed was laid. His legs started trembling.

Meera saw this and said, "Come the bed is ready.." The young man was dumbfounded. It was with difficulty that he stammered, "But in front of everyone...?"

Meera said, "Yes God is everywhere and He sees everything. So from His saints I have nothing to hide. They too are manifestations of God himself."
The young man then fell at Meera's feet. He begged forgiveness which she alone could grant him. ... she alone, who was like a ray of God...

Source
Pritam, Amrita. "Meera", *Fifty Fragments of the Inner Self.* Trans. Tara Meenakshi Sekhri. 2000.

मीरा के इतिहास के एक पृष्ठ से ज्ञात होता है, कि जब मीरा ने अपने महल के दरवाज़े उस समय के साधु संतों के लिए खोल दिए, तब वहां का वातावरण मानव एवं संतों की भक्ति से ओत-प्रोत हो गया। परंतु यह बात परम्परावादियों के लिए असहनीय थी। वे क्रोध में आ गए क्योंकि उनकी आंख मीरा की शुद्ध आत्मा का अनुभव नहीं कर सकतीं थीं।

इसी के चलते एक साजिश रची गई, वह भी ईश्वर के नाम पर। एक ब्राह्मण नवयुवक को मीरा के पास जाने के लिए ललचाया एवं उकसाया गया। होठों पर प्रबल ईश - निंदा के साथ उसने कहा कि ईश्वर ने उसे एक रात के लिए मीरा की सेज का आनंद लेने का आदेश दिया है। मीरा ने सहजता से उसकी बात सुनकर उसे स्वीकृति दे दी। उसे शाम को आने के लिए कहा। ब्राह्मण घर आया और एक रेशमी पोशाक तैयार करवाई। अच्छे से तैयार होकर और सुगंधित इत्र लगाकर वह शाम में मीरा के द्वार पर पहुंच गया।

दरवान उसे अंदर ले गया जहां मीरा साधु-संतों के साथ प्रार्थना एवं भक्ति गीतों में लीन थीं। उस युवा ने देखा कि साधुओं की सभा के मध्य में एक सेज सजी हुई थी। यह देख कर उसके पैर कांपने लगे।

मीरा ने यह देखकर कहा, "आओ, सेज तैयार है।" ब्राह्मण भौंचक्का रह गया और हकलाते हुए बोला, "परंतु सभी के सामने...?"

मीरा ने कहा, "हां, ईश्वर तो सभी जगह है और वह सब देखता है। इसलिए उसके संतों से मेरे पास छुपाने के लिए कुछ भी नहीं है। ये भी स्वयं ईश्वर के अवतार हैं।
वह नवयुवक मीरा के चरणों में गिर गया और क्षमा मांगने लगा जो केवल मीरा ही दे सकती थी।... केवल वह ही, जो परमात्मा के प्रकाश जैसी थीं।...

अनुवादक
प्रांचल गुप्ता
बी.ए. (प्रोग्राम), तृतीय वर्ष

TAKBHORE
टाकभौरे
TAKBHORE
टाकभौरे

TAKBHORE
टाकभौरे
TAKBHORE

लेखिका सुशीला टाकभौरे ने अपने जीवन के अनुभवों को 'शिकंजे का दर्द' में प्रस्तुत किया है। इस चर्चित आत्मकथा के माध्यम से लेखिका भारतीय समाज में मौजूद जातिभेद, ऊँच-नीच की भावनाएँ, दलित समाज का अपमान और शोषण एवं उनकी अभावग्रस्त परिस्थितियों से लोगों को अवगत कराती हैं। यह मनुवादी समाज द्वारा निर्मित जात-पात के शिकंजे में जकड़ी एक दलित नारी के व्यथा और संघर्ष की गाथा है।

मैं कामठी के सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज में हिन्दी की प्राध्यापिका के पद पर आई, तब वहाँ प्राध्यापिका मिसेज मुखर्जी पहले से हिन्दी पढ़ाती थीं। करीब दो साल बाद उन्होंने हँसते हुए मुझसे कहा - "मैडम, मैं तो यकीन ही नहीं कर पाई।" वे बार-बार इसी बात को दोहराती रहीं। मैने पूछा- "आप किस बात का यकीन नहीं कर पाईं?" तब उन्होंने मेरे हाथ को अपने हाथ में लेकर, हँसते हुए रहस्य बताने के ढंग से कहा- "मुझे प्राचार्य नागराजन सर ने बताया। मैं तो यकीन ही नहीं कर पाई कि आप एस.सी. हो।"

मैंने सरल और सहज भाव से कहा था- "हाँ, मैं एस. सी. हूँ। हिन्दी की पोस्ट एस. सी. (अनुसूचित जाति) कोटे की थी। उसी पर मेरा अपाइंमेंट हुआ है आपको पता नहीं था क्या?" मैडम ने बहुत अपनेपन से कहा था- "मगर आप तो एस.सी.लगती ही नहीं हो। आपका रहन-सहन, पहनावा, आपकी भाषा, व्यवहार, बोलचाल कितना सौम्य और सुसंस्कृत है। मैं तो आपको एस.सी.मान ही नहीं सकती।" मैडम ने आश्चर्य भरे तरीके से स्टाफ रूम में उपस्थित प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं को भी इस विषय में बताया। मैं सोचती रही, क्या एस.सी. इस तरह नहीं रह सकते? हमारे लिए लोग अपने दिल दिमाग में हमेशा गंदी छवि बनाकर क्यों रखते हैं? हमारी जाति के लोगों को बुरा क्यों समझते हैं? इसका स्पष्ट कारण है, हमारे लिए पहले से ही पूर्वाग्रह और दुराभाव रखा जाता है। यह बात भी स्मरणीय है, यदि यह पोस्ट एस.सी. कोटे की नहीं होती तो शायद मैं सवर्णों के बीच नहीं आ पाती। जिन्होंने हमें आरक्षण का लाभ दिया, हमें समानता और सम्मान का अधिकार दिलाया-बाबासाहब डॉ. अम्बेडकर जी को ही मैं अपने सम्मान का श्रेय देती हूँ। उनके संघर्षों के फलस्वरूप ही हम यहाँ तक आ सके, अन्यथा सवर्णों के बीच रहकर, सम्मान की नौकरी कर पाना, क्या हम जैसे लोगों के लिए कभी सम्भव हो पाता?

When I became a Professor of Hindi at Seth Kesarimal Porwal College in Kamtee, Professor Mukherjee was already teaching Hindi there. After about two years, she jovially remarked, "Madam, I could not believe it!" She would often repeat this. I asked, "What is it that you couldn't believe?" Then taking my hands in hers, she chuckled as if sharing a secret and said, "When I learnt from Principal Nagrajan that you are an SC[1], I could hardly believe it!"

I had guilelessly remarked, "Yes, I am an SC. The post in the Hindi Department was reserved for SC quota. That is how I was appointed. Did you not know this?" Then Madam had gushed with a lot of warmth, "But you do not seem to be an SC. The way you are, your dress, your language, behaviour and disposition seem so gracious and cultured. I could never take you for an SC." And in her astonishment, she repeated the same to the rest of the professors present in the staff room as well. I kept wondering- do members of scheduled castes not have the right to live like this? Why do people have such a depraved image of us in their minds? Why do they think ill of our caste? It is clear that they harbour preconceived ideas and prejudices about us. It is important to note that had this post not been reserved for SC quota, I would not have been able to work amidst *Savarn*[2]. I attribute the respect that I have gained to Babasaheb Dr Ambedkar who empowered us with the Reservation System and gave us the right to equality. It is because of his struggles that we have been able to scale such heights. Otherwise, would it have been possible for people like us to move in the same circles as the Savarn and hold respectable jobs?

1 The phrase 'an SC', while technically incorrect in English, has been retained as such to maintain the implicit derogatory tonality of the original Hindi.
2 The term refers to people of the privileged caste or *varna*.

मन जब अनुभवों पर चिन्तन करता है तो अनेक भूली बिसरी बातों के चित्र संदर्भों के साथ स्पष्ट होने लगते हैं। जिन बातों का कारण पहले कभी ध्यान में न आया हो, वे भी स्वयं चीख-चीखकर अपना बयान देने लगते हैं। 1986 की बात है, तुकड़ोजी चौक के हमारे ब्लॉक की दीवार से लगकर पड़ोसी गढ़वाली केसरसिंह बिष्ट का ब्लॉक था, दोनों घर के दरवाजे नजदीक थे। उन्हें हमारी जाति मालूम थी, वे हमसे छुआछूत नहीं मानते थे। एक दिन उनके घर एक महिला आई। उसने पड़ोसन से पूछा- "तुम्हारे पड़ोस में कौन रहते हैं?" पड़ोसन ने अपने घर में सबके सामने सहज ही कहा- "झाड़ूवाली रहती है।"

मैं अपने दरवाजे के सामने गैलरी में खड़ी थी, पड़ोसन का यह उत्तर सुनकर मैं दंग रह गई। मेरा प्राध्यापिका होना उसकी नजर में कुछ नहीं था। उसने मुझे मेरी जाति के काम से ही जाना था। वैसे उनका व्यवहार अन्य लोगों की अपेक्षा ठीक था, वे हमारे घर खाते-पीते थे, हमें भी अपने घर खिलाते-पिलाते थे, मगर उसके उत्तर ने मुझे आश्चर्य में डाल दिया था। बचपन से पाया नजरिया ही उसकी नजरों में था। उसका हमारे प्रति अपनेपन और सम्मान का व्यवहार रहने पर भी हमारी जाति के प्रति भावना वही थी, जाति के प्रति उसका दृष्टिकोण वही था जो दूसरों का था। मैं तब समझ नहीं पाई थी, पड़ोसन को क्या जवाब दूँ। हमारी आर्थिक स्थिति उनसे अच्छी थी। हम शिक्षक-प्राध्यापक की सम्मानित नौकरी करते थे, मगर जाति? हिंदू धर्म की इस जातिव्यवस्था को कोई भूलता ही नहीं है। इस घटना से दुखी होकर मैंने 'यातना के स्वर' कविता लिखी थी - "पी. एच.डी. प्राप्त/कॉलेज की प्राध्यापिका/जाति के नाम पर कहलाती है/ सिर्फ़ झाड़ूवाली!"

When the mind mulls over past experiences, the pictures of a host of long forgotten instances begin to surface in context. Certain events, the reasons for which had earlier escaped notice, now blazon their existence with piercing cries. In 1986, when we lived at Tukdoji Square, the wall of our block was adjacent to the wall of our Garhwali neighbour Kesar Singh Bisht. The doors were in close proximity. They knew of our caste but did not treat us as untouchables. One day a lady visited their house. She asked the woman living next door, "Who lives next to you?" My neighbour simply said in front of everyone in her house, "A *jhharuwali*[3] lives there."

Standing at the balcony near my door, I was stunned to hear this. That I was a professor mattered naught to her. She could only define me in terms of my caste-based profession. In comparison to others, they were quite well behaved- they often visited our place and invited us to theirs- so her answer surprised me to no end. Her mind was conditioned by the perspectives inherited in childhood. In spite of being warm and courteous towards us, her perception and beliefs about our caste were the same as others. Back then I could not understand how to respond to our neighbour. We were financially better off than them. We held respectable jobs as teachers in schools and colleges. But caste? The Hindu caste system is something that people never tend to forget. Upset by this incident, I had written a poem called *'Yatna ke Swar'*– *"PHD prapt/ College ki Pradhyapika/ Jati ke naam par kehlati hain/ sirf Jharuwali!"* [4]

---

3 Literally means 'sweeper'. It is a caste-based definition of occupation, often used in a derogatory manner.

4 A rough translation would be: 'The Voice of Distress'- Holds a PhD degree/ Professor at a university/ Yet in the name of caste is called/ Merely a *Jhharuwali*.

मेरी वेदना को क्या वह पड़ोसन समझ सकती थी? समझाने पर भी नहीं समझ पाती। इसका एक ही उपाय है-लड़ाई-झगड़ा, डाँट-फटकार, तीखी-तकरार की बातों द्वारा मुँहतोड़ जवाब। मुझे उस दिन पड़ोसन पर बहुत गुस्सा आया था। जीवन में ऐसे क्षण कई बार आये, जातिभेद के अपमान की बातों को बहुत नजदीक से, अपने कानों से सुना। चट्टान पर चोट की तरह चिनगारियाँ भी निकली, झगड़ा भी किया, मगर क्रोध किस पर किया जाये? पत्ता-पत्ता और डाल-डाल पर प्रहार करने के बदले भेदभाव की संकृति की जड़ों को, जातिवादी समाजव्यवस्था के आधार को तोड़कर ही अपमान से मुक्ति मिल सकती है।

इसके चार दिन बाद ही एक दूसरी घटना घटी। मैं कभी-कभी बच्चों के पहनने के एक-दो कपड़े गैलरी की दीवार पर सूखने के लिए डाल देती थी। चिंटू बेटे की स्कूल की शर्ट हवा से उड़कर नीचे के घर के आँगन में गिरी। नीचे रहने वाली जोर-जोर से बक-बक करने लगी- "समझता नहीं है क्या? बच्चें के कपड़े ऐसे डाल देते हैं? कॉलेज में पढ़ाती है, इतना भी नहीं समझती, अकल है कि नहीं? पता नहीं बच्चों को क्या पढ़ाती है?" शर्ट उठा लेने के बाद भी वह बहुत देर तक बड़बड़ करती रही। पड़ोस के लोग उसकी बातें सुन रहे थे।

हमारी पड़ोसन की बेटी सुषमा मेरे पास आकर बोली- "आण्टी, देखो वह कैसी बातें सुना रही है, आप उससे कुछ क्यों नहीं कह रहे हो? आप भी उसे बातें क्यों नहीं सुनाते?" मेरे मन में तब कौन सा आत्मसन्तोष था, मैं नहीं जानती थी, मगर मैंने जो बात कही, वह सटीक थी। मैंने सुषमा से कहा था- "कम से कम वह इतना तो जानती है कि मैं कॉलेज में पढ़ाती हूँ, फिर उससे क्या झगड़ा करना? यह तो उसकी समझदारी है, जो वह ये बातें कह रही है।" दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली सुषमा कुछ न समझते हुए मेरा मुँह देखती रह गई थी।

एक घटना यह भी घटी, शरद आठवीं में था, जुलाई महीने की बात है। एक दिन शरद ने स्कूल से आकर मुझसे पूछा- "मम्मी अपनी जाति क्या है?" मैंने कहा - "क्यों पूछ रहे हो?" बेटे ने बताया- "आज क्लास में टीचर ने मुझसे पूछा था। मैंने कहा मुझे नहीं मालूम, तब टीचर हँस रही थी।"

